हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 22 मई 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन छात्राओं का चयन



**सेलूद।** राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में पाटन विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिपकोना के तीन बच्चे साक्षी रानी बंजारे, नूतन जोशी व मानसी धृतलहरे का चयन हुआ है। विदित हो कि चयन होने के बाद कक्षा नवमीं से बारहवीं 4 वर्ष तक प्रत्येक माह 1000 रुपये के हिसाब से सालाना 12 हजार छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा जो कुल 48 हजार रुपए होगा। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जाती है। जिसका क्रियान्वयन राज्य सरकार करती है। संस्था के प्रधानपाठक लोमन सिंह साहू ने बताया कि बच्चे अपने आठवीं के विषय के साथ-साथ अतिरिक्त समय में एनएमएमएसई की तैयारी करतें थे, जिसके लिये शाला के मार्गदर्शक शिक्षक टिकेंद्र कुमार साहू अतिरिक्त समय में विशेष तैयारी कराते थे। विदित हो विगत वर्षों में भी शाला से लगातार बच्चों का चयन इस छात्रवृति के लिये होता रहा है। चयन होने पर संकुल समन्वयक पी तारकेश्वर रेड्डी, शाला के प्रधानपाठक लोमन साहू, शिक्षिका जानकी मंडावी, शिक्षक टिकेंद्र कुमार साहू, शिक्षिका पूनम देवांगन, खेमिन साहू, दीपक निषाद सहित संकुल के सभी शिक्षकों व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किये हैं।

### महादेव ने लिया प्रभारी प्राचार्य का प्रभार



**धमधा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय धमधा में महादेव साहू ने प्रभारी प्राचार्य का प्रभार लिया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय धमधा में सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के निर्देशानुसार वरिष्ठ आचार्य महादेव साहू को विद्यालय का विधिवत प्राचार्य घोषित किया गया। विद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य महादेव साहू ने सभी का आभार ब्यक्त किया। सभी अतिथियों ने उनका तिलक वंदन कर उन्हें बधाई दिए।

## निधन

### कौशल्या देवी



**भिलाई।** सेक्टर 7, सड़क 127 बी निवासी संयंत्रकर्मी स्व. चंद्रदेव यादव की पत्नी कौशल्या देवी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 21 मई को किया गया। वे स्व. ललन यादव, विनय यादव व संजय यादव की मां और अंश यादव, आदित्य यादव की दादी थीं।

### डी मोहनन



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी डी मोहनन उम्र 68 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 मई दिन गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जायेग। वे अपने पीछे पत्नी शीला मोहनन व पुत्र एम अविनाश, एम अजिनेश को छोड़ गये हैं।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक 5 रा. नि. 2025,
कोहका, दिनांकः 10/05/2025

प्रति,
1. आवेदक भूधर लाल चंद्राकर पिता स्व. महासिंग चन्द्राकर निवासी - दुर्ग, 2.... 3. राजन जिंदल, 4.... 5. प्रभावती दुबे, 6. गौरव जिंदल

विषय :-सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1173/1, रकबा 0.04 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 841 दिनांक 20/01/2025 के परिपालन में दिनांक 03/06/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका


## युवाओं व महिलाओं को जोड़ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज कर रहे जनसंपर्क

# दुर्ग ग्रामीण में समस्याओं का अंबार विकास की गति धीमी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दूसरे दिन ग्राम हनोदा, कोड़िया, कोकड़ी, पाऊवारा, खोपली, मंचादूर एवं चिरपोटी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास में वर्तमान में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का विकास बाधित हो रहा है। इन समस्याओं के कारण क्षेत्र में विकास की गति धीमी है और लोगों की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास करना चाहिए। क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए।

**लोगों की सुनी समस्याएं, विकास कार्यों की ले रहे जानकारियां**



सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष योजनाएं लागू करनी चाहिए। विधानसभा क्षेत्र में विकास को बाधित करने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में विकास की गति तेज हो सके और लोगों की जीवनशैली में सुधार आ सके।

साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम करें। इस अवसर पर प्रदीप चन्द्राकर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी, राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, नंद कुमार सेन अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड, रिवेन्द्र यादव, देवेन्द्र देशमुख, झमित गायकवाड़, योगिता चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर, मोहन लाल साहू, चुन्नू लाल चन्द्राकर, जगदीश दीपक, खुमान निषाद संरपच कोड़िया, चन्द्र कुमार चन्द्राकर, रोशन साहू, रोहित साहू, भूपेंद्र शर्मा, बलदाऊ साहू, जयकुमार साहू, मीना यादव सरपंच पाऊवारा, पूर्णिमा साहू उपसरपंच, राजेश साहू, छबिल क्षत्रिय, किशोरी साहू, महेन्द्र साहू, राम किशुन साहू सहित कांग्रेस के पदाधिकारी गण सहित बड़ी संख्या मौजूद थे।

### समस्याओं का निराकरण करने देंगे निर्देश

इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग-अलग समस्याएं जैसे पीने का पानी नियमित नहीं मिलना, मनरेगा कार्य सुचारु रूप से नहीं चलना, क़ानून व्यवस्था नहीं होना, भारत माला परियोजना में मुआवजा नहीं मिलना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, पानी टंकी जर्जर, किसानों को खाद नहीं मिलना, महिला समूहों को काम नहीं मिलना, अवैध शराब गांव-गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण के लिए विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफल बच्चों को बधाई देने पहुंचे कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान आडिल



**सेलूद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई का परीक्षा परिणाम जारी हुआ है जिसमें पाटन राज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बठेना की होनहार छात्रा भूमिका वर्मा ने 92.6 अंक अर्जित कर दसवीं में सफलता हासिल की है। भूमिका वर्मा जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में अध्ययनरत है। इनके पिता हरिशंकर वर्मा शिक्षक हैं और माता वर्षा वर्मा गृहणी है। उतई निवासी देवेंद्र वर्मा पिता मुकेश वर्मा शिक्षक ने सारदा विद्यालय रिसाली भिलाई नगर से कक्षा दसवीं में 82 अंक अर्जित किया। वहीं स्तुति वर्मा पिता स्व चंद्रशेखर वर्मा दादा मोती लाल वर्मा शिक्षक एवं समाजसेवी ने कक्षा 12वीं गणित में सीबीएसई बोर्ड केपीएस उतई से 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर समाज का गौरव बढ़ाया है। साथ ही साथ वंदना वर्मा पिता मोरध्वज वर्मा अध्यक्ष मनवा कुर्मी समाज उतई नगर इकाई मैत्री विद्या निकेतन भिलाई नगर से कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 80% अंक अर्जित कर समाज परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। सीबीएसई बोर्ड में सफल बच्चों के निवास पहुंचकर मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल आडिल और पदाधिकारियों ने बधाई दिया। बधाई देने वालों में युवाध्यक्ष राकेश आडिल, जितेश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, दुष्यंत वर्मा के अलावा स्वजातीय उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में जमीन के पट्टे बनवाने मिले सबसे ज्यादा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका सुशासन तिहार 2025 के तहत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन कर्मा भवन वार्ड क्रमांक 24 जंजगिरी में किया गया। जिसके तहत प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 17, 19, 23 एवं 24 तक कुल 177 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 177 आवेदनों की जानकारी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मंच के माध्यम से दिया गया। सुशासन तिहार 2025 में हितग्राही मूलक संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 17, 19, 23 एवं 24 तक राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किये गए पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड शिविर में किया गया। साथ ही 22 आधार कार्ड, 6 आयुष्मान कार्ड, 84 लर्निंग लायसेंस एवं 75 नागरिकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में जमीन के पट्टे, आवास निर्माण, राशनकार्ड, राजस्व, बिजली, पानी से संबंधित 286 नए आवेदन मिले जिसमें सबसे ज्यादा जमीन के पट्टे बनाने के लिए 42 आवेदकों ने आवेदन किये। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, तहसीलदार भिलाई 3 पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, पार्षदगण अश्वनी कुमार देशलहरे, उमाकांत साहू, डिकेश पटेल, ओंकार प्रसाद मारकण्डे, लोकेश कुमार साहू, मिथिलेश यादव, नोडल अधिकारी अतुल कुमार सिंह, साधना अहिरवार, हरिकिशन पावरिया, सहायक ग्रेड 2 एवं विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

■ नपा कुम्हारी में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन



## अंचल की खबरें

### कोड़िया में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए एक व्यापक प्रयास ग्राम पंचायत कोड़िया सरपंच खुमान निषाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोजगार सहायक किरण भारद्वाज, मितानिन भुनेश्वरी निषाद, लक्ष्मी भारद्वाज, दमयंती साहू, मेट प्रमिला साहू, तृप्ति यादव, त्रिशला निषाद और आदित्य भारद्वाज, जामिनी साहू, वाणी साहू, सोम्या निषाद सोनी, खुशबू निषाद, डॉली साहू व ग्रामीण जन उपस्थित थे। यह अभियान प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन को बेहतर बनाने और लोगों में प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक वर्ष में ग्राम कोड़िया प्लास्टिक मुक्त हो। प्लास्टिक के उपयोग को कम करना एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक जैसे, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक प्लेट के उपयोग को कम करने को प्रोत्साहित करना है। वहीं प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना और प्लास्टिक मुक्त जीवन के लिए प्रोत्साहित करना है और समस्त ग्रामवासी को प्लास्टिक मुक्त करना है।

### बोरीगारका सोसायटी में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान



**उतई।** अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत सेवा सहकारी समिति मर्यादित बोरीगारका में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सम्मानीय अतिथि श्रद्धा साहू सभापति सहकारिता व उद्योग जिला पंचायत दुर्ग, राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, झमित गायकवाड जनपद सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, शीतला ठाकुर उपसरपंच मंडल अध्यक्ष उतई मंडल, चुम्मन लाल यादव सरपंच ग्राम पंचायत बोरीगारका, करण सेन सरपंच ग्राम पंचायत करगाडीह, डोमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत पुरई, मीना यादव सरपंच ग्राम पंचायत पाउवारा, समस्त उप-सरपंच व पंच गण ग्राम बोरीगारका, पुरई, पाउवारा, करगाडीह शामिल हुए। कार्यक्रम का स्वागत भाषण समिति के प्राधिकृत अधिकारी सुखित यादव द्वारा दिया गया तथा समिति प्रबंधक अजय सिंह राजपूत सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहीं मंच संचालन जागेश्वर साहू के द्वारा किया गया। वहीं मुख्य अतिथि सभापति श्रद्धा साहू द्वारा जल संरक्षण व पर्यावरण की दिशा में तथा प्लास्टिक दोना, पत्तल, डिस्पोजल, पाउच का उपयोग न करने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की। जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने समिति बोरीगारका के द्वारा किसान हित में शासन की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन की सराहना की और पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि किसान हित में बेहतरी कार्य के लिए सुझाव प्रेषित करने की अपील की।

शीतला ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान के लिए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया और सरपंच चुम्मन यादव बोरीगारका व सरपंच करन सेन करगाडीह ने किसान को संस्था द्वारा समय पर खाद, बीज, दवाई और धान उपार्जन में सहयोग के लिए समिति को बधाई दिया।

### आंधी-तूफान से खपरी में कई घरों के शेड उड़े



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में आंधी तूफान से ग्राम खपरी में तबाही से कई घरों के शेड उड़ गए। जगह-जगह विद्युत पोल टूट गए है एवं तार नीचे जमीन में गिर पड़ा हुआ है। गांव में देर शाम अचानक मौसम का मिजाज बदलने से कई जगहों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। रफ्तार से हवाएं चलने से कई जगह बिजली पोल गिर गए।

# गांवों में नहीं रोजगार, ग्रामीण कर रहे पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल कांग्रेस समर्पित जनप्रतिनिधियों का बैठक रेस्ट हाउस में मंगलवार को हुआ। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा की सरकार में हो रहे अन्याय का बखान किया। पंचायत स्तर पर डेढ़ साल में कोई भी विकास नहीं होने की बात कही। साथ ही जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ है। तब से नए सरपंचों को भी किसी प्रकार की काम भाजपा की सरकार से नहीं मिल रही है। साथ ही मनरेगा की मजदूर इस सत्र में एक भी दिन काम नहीं कर पाई है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। लगातार पंचायत के द्वारा काम मांगा जा रहा है लेकिन शासन के द्वारा काम नहीं दी जा रही है। लोगो को परेशानी हो रही है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपना परिचय पूर्व मुख्यमंत्री को दिया। तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जिले में रोजगार गारंटी कार्य नहीं होने के कारण मजदूर पलायन कर रहे हैं। खासकर पाटन विधानसभा क्षेत्र में किसी भी पंचायत में कोई भी कार्य नहीं हो रही है। ना ही विकास की और ना ही मनरेगा कर कार्य जिसके लिए हमने कलेक्टर कार्यालय का भी घेराव किया था। लगातार भाजपा के शासन में जनप्रतिनिधियों को उपेक्षित होना पड़ रहा है, जनता भी बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। बैठक को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, नोमिन ठाकुर, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी संबोधित किया।



■ पूर्व मुख्यमंत्री के साथपंचायत प्रतिनिधियों की हुई बैठक

अंत में बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक पाटन ने कहा कि प्रदेश में डेढ़ साल से विकास कार्य में ब्रेक लग गया है प्रदेश में कहीं पर भी विकास कार्य नहीं हो पा रही है। उल्टा भाजपा सरकार शराब भट्टी खोलने में रुचि ले रही है। खासकर पाटन विधानसभा में विकास कार्यक्रम नहीं हो रहा है। त्रिस्तरीय पंचायती राज में विकास की कोई कमी नहीं होती विकास कार्य के लिए पंचायत में नियम से काम करें और शासन से मांग रखें। साथ ही सरपंच संघ चुनाव को लेकर एक जुटता दिखाई और सबके आवाज बनाकर शासन प्रशासन के बीच मांग रखने के लिए सरपंच संघ का चुनाव भी संपन्न हुआ। वहीं बता दें ग्राम पंचायत जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला कांग्रेस समर्पित पाटन जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष बने। शुक्ला को पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने बधाई दी है।

## बिजनेस साइट

### नीट परीक्षा में छात्रा प्रिया मिंज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** इस वर्ष नीट के पेपर, सभी सालों से अधिक कठिन आया। सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कोंचिग वालों एवं पालकों को रूला दिया। कट ऑर्फ कम ही जाएगा। दंतेवाड़ा की प्रिया मिंज पिता बादल साय मिंज पुलिस विभाग में कार्यरत ने नीट के परीक्षा में चमत्कार ही कर दिया, अविश्वसनीय हो रहा है, उन्होंने नीट में 180 प्रश्न हल किए, आकाश के आन्सर सीट से मिलाने पर 160 प्रश्न बायोलॉजी 84, केमेस्ट्री 38, फिजिक्स-38 प्रश्न सही हो रहे हैं। 620 अंक आ रहे हैं।


RIYA MINJ

शायद यह अंक छग एसटी कोटा में प्रथम स्थान हो सकता है। इस अंक से इंडिया के किसी भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल सकता है। कहां पढ़ाई की, कैसे तैयारी की पूछने पर बताई उन्होने जीडी गवेल मेडिकल पाइंट जोनल मार्केट भिलाई से व्यक्तिगत कोचिंग की। वे पीसीबी को समझाए, नोट्स दिए, मेरे पर व्यक्तिगत ध्यान दिए, उनके मार्ग दर्शन का 100 प्रतिशत पालन किया, प्रतिदिन चार घंटे प्रत्येक विषय को एक एक घंटे पढ़ाई की, बहुत ही कम टेस्ट लिए, वो भी कोर्स समाप्त के बाद। मेरे अच्छे नम्बर आने का, मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने का श्रेय जीडी गवेल को है। उनके जैसे मार्गदर्शक, विरले ही मिलेंगे।

### सेलूद के युवा पक्षियों के प्राण बचाने कर रहे जतन

**सेलूद।** विश्व में ऐसा तो कोई अभागा ही होगा जिसे अपने देश से प्यार न हो। मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी भी अपने देश या घर से अधिक समय तक दूर नहीं रह पाते। ऐसे ही प्रकृति प्रेमी ग्राम बावाकुटी सेलूद निवासी दो युवा घनश्याम ठाकुर व दीपक मेश्राम इस भीषण गर्मी में सेलूद से लेकर बटरेल तक सड़क किनारे के पेड़ पौधे में लगभग दो सौ सकोरा बांध चुके हैं और उन सकोरे में सुबह से अपने मोटर सायकल में निकलकर सभी सकोरे में प्रतिदिन पानी डालने का कार्य कर रहे हैं। सुबह-सवेरे पक्षी अपने घोसले से जाने कितनी दूर तक उड़ जाते हैं दाना चुगने के लिए पर शाम ढलते ही चहचहाता हुआ वापस अपने घोसले में लौट आया करता है। एक नन्हीं सी चींटी भी अपने बिल से पता नहीं कितनी दूर चली जाती है उसे भी अपने नन्हें और अदृश्य से हाथों या दांतों में चावल का दाना दबाए वापस लौटने को बेताब रहती है। मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी तक स्वदेश-प्रेमी हुआ करते हैं। उस धरती के कण-कण से धरती पर उगने वाले पेड़-पौधों, वनस्पतियों, पशु-पक्षियों और पत्ते-पत्ते या जर्रे से प्रेम हुआ करता है। जिसे अपनी मातृभूमि से स्नेह नहीं वह तो मनुष्य कहलाने लायक ही नहीं है। ये प्रकृति प्रेमी हमेशा अपने आस-पास की दुनिया की रक्षा के लिए नए और अभिनव तरीके खोजते रहते हैं। प्रकृति प्रेमी वह व्यक्ति होता है जो अपने आस-पास की प्राकृतिक दुनिया से जुड़ा होता है।


**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 11,000

दिनांक - 21 मई से 23 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक



Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई




हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 22 मई, 2025

10

दुर्ग ग्रामीण में समस्याओं का अंबार विकास की गति धीमी, लोग परेशान



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना लॉटरी आज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों का आबंटन 22 मई को शाम 4 बजे जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर खुर्सीपार शिविर में किया जाएगा। मेन सीवर लाईन से पूर्ण रूप से प्रभावित 18 हितग्राहियों में जो पूर्ण राशि जमा कर चुके है। उन्हे लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया जाएगा। इसी प्रकार आंशिक राशि जमा हितग्राहियों का प्रावधिक आबंटन करने स्वीकृति की प्रत्याशा में एक मुश्त तथा आंशिक अंशदान राशि जमा कराकर मोर मकान-मोर आस घटक से निर्मित मकान सामान्य वर्ग एवं दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिकजनों को मकान खुली लॉटरी पद्वति से होगा।

### तीस हजार के सोना-चांदी के जेवरात पार



**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया नेहरू नगर ईस्ट निवासी अन्नू जैन पति सतीश कुमार जैन,सास कमला बाई रात को खाना खाकर अपने कमरे में सो गए। सुबह सोकर उठने पर देखा तो आलमारी खुला पड़ा मिला। अज्ञात ने 30 हजार रुपए के जेवरात पार कर फरार हो गया। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरे को खोजने में जुटी हुई है।

### महिला के ऊपर गिरा पेड़, मौत

**निकुम।** बुधवार को तेज आंधी व तूफान आने से एक महिला चपेट में आ गई। हादसे में महिला के ऊपर पेड़ गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। अंडा पुलिस ने बताया कि निकुम भाठापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र 2 की सहायिका रामेश्वरी साहू की आंधी तुफान के चपेट में आने से मौत हो गई। तेज रफ्तार में पेड़ महिला के ऊपर गिर गया। घटना शाम 6.30 बजे की है। रोज की भांति महिला बाबा धाम भोलेबाबा मंदिर भाठापारा निकुम तालाब में पूजा करने गई थी। शिव मंदिर में आरती के दौरान अचानक मौसम बदला और रामेश्वरी के ऊपप एक पेड जा गिरा। वह नीलगिरी का पेड़ था अचानक टूट कर महिला के सिर पर आ गिरा। शव को पीएम के लिए पुलिस ने भेज दिया है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 134 साल पुराना भिलाई-3 स्टेशन संवरा, आज पीएम करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

134 साल पहले अस्तित्व में आए भिलाई-तीन यानी ओल्ड भिलाई स्टेशन का कायाकल्प हो चुका है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को इसका उद्घाटन करेंगे। इसे लेकर स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। बता दें कि इस स्टेशन की स्थापना वर्ष 1891 में हुई थी। भिलाई बंगाल-नागपुर रेलवे का हिस्सा हुआ करता था। नागपुर-आसनसोल मुख्य लाइन जो 1891 में इस मार्ग से गुजरी थी, जिसने दुर्ग स्टेशन को कवर किया था। तब भिलाई-तीन स्टेशन भी तैयार हुआ। लंबे समय उपेक्षा के बाद इसमें सुविधाओं का विस्तार किया गया है। करीब 10.09 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण किया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक स्टेशन पूरे प्रदेश का पहला आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेशन है। भिलाई-3 स्टेशन में प्रवेश और निकास द्वार, 15 मीटर चौड़ी पहुंच सड़क, मुख्य प्रवेश द्वार, उच्चतम प्रकाश और सार्वजनिक शौचालय सुविधा के साथ परिसंचारी क्षेत्र, परिदृश्य क्षेत्र, पोर्च, रेल इंजन की यात्रा मॉडल, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पक्की पार्किंग तैयार की गई है।

**पावर हाउस व भिलाई नगर रेलवे स्टेशन आधुनिक होगा :** रेलवे के मुताबिक पावर हाउस व भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का काम भी सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम बचा हुआ है। जिसका भी जल्द यात्रियों के लिए शुभारंभ किया जाएगा।

## 10.09 करोड़ रुपए की लागत से किया गया तैयार, होगा प्रदेश का पहला हाईटेक स्टेशन



### आरक्षित टिकट काउंटर और टिकट वेंडिंग मशीन भी लगी

स्टेशन में सेल्फी पॉइंट, दिव्यांग पार्किंग सुविधा और डबल रेल हैंड ग्रिप के साथ प्रवेश व निकास रैंप, पीली पट्टियों के साथ स्टैटिअर, बुकिंग कॉन्कोर्स डबल लेयर काउंटर के साथ बेहतर सुविधा है। अनारक्षित और आरक्षित टिकटिंग और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन सुविधा, स्टेशन की यात्रा का सचित्र प्रदर्शन जबरदस्त आकर्षण बिखेरने में सफल साबित हो रहा है। प्लेटफॉर्म शेल्टर लगभग 96 मीटर लंबा, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, प्लेटफार्म के किनारे पर पेवर ब्लॉक, चेकर्ड टाइल और स्पर्शनीय पट्टियां, मृत पेड़ के तने पर बनाई गई भांति चित्र, प्लेटफार्म नंबर 2 और 3, प्लेटफार्म नंबर 4, स्टील प्लांट क्षेत्र की ओर इंटर-प्लेटफ़ॉर्म कनेक्टिविटी के लिए फुट ओवर ब्रिज निर्माण किया गया है।

## खरखरा जलाशय में 8 प्रतिशत और तांदुला में 15 प्रतिशत पानी शेष

# 20 साल बाद खरखरा व तांदुला जलाशय के डेथ स्टोरेज से ट्विनसिटी को मिलेगा पानी

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

20 साल बाद जलाशयों में बड़ा सूखा पड़ा है। इतने सालों बाद ऐसी नौबत आई है कि तांदुला और खरखरा जलाशय के डेथ स्टोरेज का इस्तेमाल होगा। ऐसा इसलिए है कि तांदुला जलाशय में महज 15 प्रतिशत और खरखरा जलाशय में महज 8 प्रतिशत पानी स्टोरज रह गया है। चूंकि बीएसपी, दुर्ग व भिलाई निगम से इन जलाशयों से पानी देने के लिए करार हुआ है इसलिए इस संकट से निपटने के लिए जलसंसाधन विभाग ने तैयारी की है। खास बात यह भी है कि मौजूदा हालात को देखते हुए जलसंसाधन विभाग बालोद ने रोजाना दे रहे पानी में कटौती भी करना शुरू कर दिया है।

### बालोद ने महमरा एनीकट का पानी देना किया आधा



### भिलाई- दुर्ग के पानी में 50 प्रतिशत कटौती

भिलाई व दुर्ग के लोगों को पेयजल के लिए पानी खरखरा जलाशय से आता है। खरखरा जलाशय में वर्तमान में केवल 8 प्रतिशत पानी का स्टोरेज है। हालात को देखते हुए बालोद जलसंसाधन विभाग ने भिलाई दुर्ग निगम को मिलने वाले पानी में 50 प्रतिशत की कटौती कर दी है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पिछले तीन महीने से 400 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन अब 200 क्यूसेक कर दिया गया है। यह पानी शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट पर स्टोरेज होता है। यहां से शिवनाथ इंटकवेल के माध्यम से भिलाई व दुर्ग जलशोधन संयंत्र में आता है।

### डेथ स्टोरेज में 52 एमसीएम पानी

जलसंसाधन विभाग बालोद ने खरखरा और ताढ़ुंला जलाशय में जलभराव की विकट स्थिति को देखते हुए डेथ स्टोरेज से पानी देने की प्लानिंग की है। जलसंसाधन विभाग बालोद के मुताबिक खरखरा में डेथ स्टोरेज पानी 7 एमसीएम और ताढ़ुंला जलाशय में 45 एमएसीएम पानी है। दोनों मिलाकर 52 एमसीएम पानी केवल डेथ स्टोरेज में है। आमतौर पर डेथ स्टोरेज के उपयोग की नौबत सालों तक नहीं आई है जिसकी स्थिति इस बार बनी है।

### जलाशयों में पानी संकट से निपटने ये उपाय

**पहला- पांच दिन बाद खरखरा से पानी देना होगा बंद**

खरखरा जलाशय से दुर्ग भिलाई को पानी देना बंद हो जाएगा। उसके बाद यहां के लोगों के लिए पानी तांदुला जलाशय से देना शुरू करेंगे। तांदुला जलाशय में गोंदली जलाशय का पानी को ट्रांसफर करने के लिए जलसंसाधन विभाग ने आपसी सहमति बना ली है।

**दूसरा- बीएसपी को गंगरेल से पानी**

बीएसपी को गंगरेल और तांदुला जलाशय बालोद से पानी मिलता है। मरोदा टैंक में इस पानी का स्टोरेज होता है। बीएसपी को हर दिन 250 क्यूसेक पानी की जरूरत पड़ती है। जिसे गंगरेल व तांदुला दोनों जलाशय से पूरी की जाती है। गंगरेल जलाशय के 9 वें गेट से चिरईबोड़ी के बाजू से होकर पानी मरोदा टैंक में सप्लाई की जा रही है।

### भविष्य में जलसंकट से निपटने के लिए ये हैं योजनाएं

**पहला- शिवनाथ नदी से 54 एमसीएम पानी की योजना**

बीएसपी को पानी संकट से बचाने के लिए एक बड़ी योजना है। 95 फीसदी काम भी हो चुका है। इस योजना के हिसाब से शिवनाथ नदी से बीएसपी को 54 एमसीएम पानी दिया जाएगा। 336 करोड़ की इस योजना को जुलाई महीने से प्रारंभ करने का अनुंबध हुआ है। नदी से बीएसपी मरोदा टैंक तक पानी पहुंचाने 18 किलोमीटर पाइप लाइन भी बिछा दी गई है। लेकिन बारिश का पानी शिवनाथ नदी के कैचमेंच एरिया में एकत्र होता है उसी पानी को बीएसपी को दिया जाना है।

**दूसरा- जर्जर नहरों के संधारण के लिए 12 करोड़ का प्रोजेक्ट**

जलसंसाधन विभाग दुर्ग ने जर्जर नहरों के संधारण के लिए 12 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया है। हर साल गर्मी के दिनों में दुर्ग जिले के तालाबों को निस्तारी के लिए भरने और रबी फसल के अंतिम चरण में फसल पकने के लिए ताढ़ुंला जलाशय से पानी छोड़ा जाता है। जिसमें से 25 प्रतिशत पानी बेकार चला जाता है।

### डेथ स्टोरेज का उपयोग करेंगे

भिलाई, दुर्ग निगम और बीएसपी को पानी देना हमारे अनुंबध में हैं। इसलिए जलाशयों में पानी स्टोरेज को देखते हुए डेथ स्टोरेज का उपयोग करेंगे। एक जलाशय से दूसरे जलाशय का पानी ट्रांसफर कर इस संकट से निपटा जाना है। वैसे मानसून जल्दी ही आने वाला है इसलिए दिक्कत नहीं आएगी ऐसी उम्मीद है।

\- **पीयूष देवांगन,** ईई जलसंसाधन विभाग बालोद

### बारिश के पानी को बीएसपी को देने की तैयारी

खरखरा जलाशय बालोद से भिलाई व दुर्ग निगम के लिए हर दिन 400 क्यूसेक पानी मिल रहा था। अभी 200 क्यूसेक कर दिया गया है। वर्तमान में महमरा एनीकट स्टोरेज 1.3 फीट डाउन हो गया है। हालात से निपटने के लिए इस बार बारिश पानी को स्टोर कर बीएसपी को देने की योजना भी शुरू हो जाएगी।

\- **डीएन शुक्ला,** जल संसाधन विभाग दुर्ग

# बंगाल की खाड़ी में मानसून सक्रिय, आज बारिश के संकेत



देर शाम हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून बुधवार से सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। आने वाले 3-4 दिनों में मानसून केरल पहुंच सकता है। खाड़ी से छत्तीसगढ़ प्रदेश में नमी आने की वजह से अंधड़ व हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। गुरुवार को भिलाई दुर्ग सहित आसपास क्षेत्र में अंधड़, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

- तीन से चार दिनों में केरल पहुंचने की संभावना

### अरब सागर पर अगले 12 घंटे में कम दबाव का क्षेत्र

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव से अगले 12 घंटे में एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बनने की संभावना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 36 घंटे में बनने की संभावना है। (चक्रवात बनने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### पारा अब भी 40 डिग्री सेल्सियस पार

मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच गर्मी कम होने का नाम ही नहीं ले रही। बारिश की वजह से उमसभरी गर्मी लोग झेल रहे हैं। वहीं पारा अब भी 40 डिग्री सेल्सियस पार चल रहा है। मौसम विभाग ने बुधवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर मंगलवार को यानी 20 मई को दुर्ग जिले में 22.6 मिलीमीटर बारिश हुई।

# तालपुरी के पारिजात अपार्टमेंट में फिर पुलिस की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध कामों के कारण चर्चे में आने वाले तालपुरी में बुधवार की सुबह अचानक पहुंचे पुलिस से लोगों में सुनसनी फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक तालपुरी बी ब्लॉक के पारिजात एपार्टमेंट में टीम दबिश देने पहुंची थी। लेकिन यहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। एसएसपी विजय अग्रवाल के आदेश पर यह



कार्रवाई करीब दो घंटे चली। सुबह-सुबह पुलिस वाहनों के काफिले के मैनगेट से प्रवेश करने से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। घबराए लोगों ने जब मौके पर मौजूद पुलिस से इस बारे में जानना चाहा, तो पुलिस ने रुटीन चेकिंग करने की बात बताई। इससे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इस कॉलोनी में भी पाकिस्तानियों और रोहिंग्या मुसलमानों की खोजबीन की गई थी। यहां चार थाना क्षेत्रों उतई, भिलाई नगर, पद्मनाभपुर, खुर्सीपार, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट,छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स की संयुक्त कार्रवाई थी। इसमें 70 जवान मौजूद थे। इनकी तीन टीमें बनाई गईं,घर-घर जाकर संदिग्ध व्यक्तियों और बिना नंबर की वाहनों के बारे में पूछताछ की। पुलिस की इस कार्रवाई से कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली है। कार्रवाई से पहले पारिजात गेट और मैनगेट को ब्लॉक किया गया था। कोई व्यक्ति न तो अंदर आ सके, न बाहर जा सके। इस दौरान पारिजात एपार्टमेंट में कड़ाई से पूछताछ की गई।

### लोन के नाम पर ठगी

**भिलाई।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत महिलाओं ने एसएसपी विजय अग्रवाल से की है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर 20-25 की संख्या में महिलाओं का समूह दुर्ग पहुंचा था। वे सभी सुपेला निवासी है, आरोप है कि मंजू सोनी नामक महिला ने लोन दिलाने का झांसा देकर जब लोन पास हुआ तो उनकी रकम को हड़प लिया है।

# बस की डिक्की से दो लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पद्मनाभपुर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी फरार



बस की डिक्की से अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। डिक्की से 21 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा को दुर्ग बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी बस से बरामद किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिलने पर बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी बस ओडी 08-9792 की डिक्की में ब्राउन और बैगनी कलर के दो ट्रॉली सूटकेस में संदिग्ध सामान मिले। पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची और डिक्की की तलाशी लेने पर दो ट्रॉली बैग मिला जिसमें ब्राउन टेप में पैक किए गए 12 पैकेट गांजा जब्त किया गया। गांजा तस्करी करने वाले अज्ञात है। पुलिस आरोपियों कीव तलाश में जुटी हुई है।

## दुर्ग के पूर्व माध्यमिक शालाओं से 133 चयनित

# स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आलबरस का छात्र तुनीर जिले में प्रथम व राज्य में पांचवें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने स्कालशिप परीक्षा में भी डंका बजाया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में दुर्ग जिले के 239 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। खास उपलब्धि यह भी रही कि इसमें दुर्ग ब्लॉक के सबसे ज्यादा 133 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। जारी प्रावीण्य सूची में आलबरस स्कूल के छात्र तुनीर साहू जिले में प्रथम व राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

### जिले से 2029 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

सीजीबीएसई द्वारा जारी चयन सूची में जिला दुर्ग से पूर्व माध्यमिक शालाओं से परीक्षा में शामिल 4258 में से 2029 बच्चे उत्तीर्ण हुए है। सेजस बालाजीनगर खुर्सीपार से एक ही स्कूल में सबसे ज्यादा 20 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। प्राचार्य सुरेश हैं। इस परीक्षा की तैयारी हेतु जून माह से ही जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशन एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें जिला नोडल पवन सिंह एवं विकासखण्ड नोडल पोषण मारकण्डे ने समस्त प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा की महत्वपूर्ण बिंदुओं कर विस्तृत जानकारी दी। जिला नोडल पवन सिंह द्वारा विभिन्न संकुल के बच्चों को साप्ताहिक कार्यशाला आयोजित कर परीक्षा की बारीकियों को बताया । शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में शिक्षा का स्तर सुधरा है।

### चयनित हर विद्यार्थी को मिलेंगे 12 हजार रुपए

इस परीक्षा को मई 2008 में सीसीईए से अनुमति प्राप्त करने के बाद प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में उनके ड्राप आउट से रोकना और माध्यमिक स्तर पर अध्ययन जारी रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित कर छात्रवृत्ति प्रदान करना था । योजनांतर्गत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए प्रदान की जाती है । इस योजना में शासकीय, सरकारी प्राप्त एवं स्थानीय निकाय स्कूलों में अध्ययन के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं तक उनकी निरन्तरता एवं नवीनीकरण सुनिश्चित किया गया।

# रिसाली निगम में ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली के नागरिक अब घर बैठे मोबाइल से संपत्तिकर, जलकर, समेत समस्त प्रकार के कर जमा कर सकते है। ऑनलाइन सेवा में सभी प्रकार जैसे कार्ड, यूपीआई, क्यूआरकोड सुविधा दी गई है। इसके अलावा निगम के कर्मचारी टैक्स की राशि लेने घर पहुंच सेवा भी देंगे। निगम के संपत्तिकर विभाग के अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में निजी कंपनी से कर वसूली के लिए निगम ने अनुबंध किया था। वर्तमान में निगम स्वयं कर वसूली करने का निर्णय ली है। उन्होंने बताया कि कर दाता को कर की राशि जमा करने कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। रिसाली निगम की वेबसाइट पर जाकर वे वार्ड, मोबाइल नंबर एवं नाम अंकित कर टैक्स जमा कर सकते हैं। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है।

**कार्यालय में कैश काउंटर:** ऐसे नागरिक जिन्हे ऑनलाइन व टैक्स जमा करने में असुविधा हो रही है वे कार्यालय आकर कर की राशि जमा कर सकते है। श्याम नगर स्थित पानी टंकी कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक कैश या कार्ड, पेटीएम से राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**



## बोरी विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**दुर्ग।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी में समर कैंप का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक, व्यक्तित्व विकास के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के चौथे दिन जिला मिशन समन्वय एए समग्र शिक्षा सुरेंद्र पांडे द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भी उपस्थित रहे। व्याख्यात पंडित राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम मंत्रोच्चारण से प्रारंभ किया। योग कराया गया और जीवन में योग के महत्व बताए। पश्चात कठपुतली नृत्य, नाटक का प्रदर्शन कलाकार गोकुल चतुर्वेदी तथा लाल बाबू सिंह द्वारा किया गया। लोक कलाकार अजय उमरे द्वारा छत्तीसगढ़ लोक कला साहित्य, नाच आदि के विषय में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख, ज्ञान यादव, भोला पटेल, विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लापरवाही: ई-आक्शन के जरिए नीलामी के बाद भी तीनों जिलों में उठाव नहीं

# नीलामी के बाद भी संग्रहण केंद्र में खराब हो रहा 1857 करोड़ का धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सोसायटियों में रखे धान को परिवहन के नाम पर लाखों रूपए की रकम खर्च कर इसे संग्रहण केन्द्र तक लाया गया। लेकिन इस करोडों रूपए के धान का अब तक निराकरण नही किए जाने के चलते यह बारिश में खराब होने की स्थिति में है। प्रदेश स्तर पर नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी संग्रहण केन्द्र में रखे एक दाना धान का उठाव नही होने से शासन की प्लानिंग फैल साबित हो रही है। यही कारण है कि, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में रखे गए 59 लाख 90 हजार क्विंटल से अधिक के धान को बारिश के हवाले कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और केन्द्र के एफसीआई कोटे में चावल जमा करने के बाद शेष बचे धान की आनलाइन नीलामी किए जाने का निर्णय लिया गया था। पिछले अप्रैल माह से आनलाइन नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रदेश में रखे करीब 35 लाख टन धान की नीलामी हो गई है। लेकिन मिलर उठाव के लिए रूचि नही दिखा रहे है। नीलामी के बाद भी उठाव नही किए जाने से राज्य शासन की चुनौती बन गई है। हालात यह है कि, मई के अंतिम सप्ताह में मानसून सक्रिय हो जाएगा। जबकि वर्तमान में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में उठाव नही होने से धान बारिश से पहले ही खराब हो रहा है। समय रहते अगर शासन व प्रशासन धान का उठाव नही कराती है तो करोडों रूपए का नुकसान होने के आसार है।

**खास बातें**

- सेंट्रल पुल में चावल नही लेने के कारण नीलामी के हालात
- तीनों जिले में अठारह अरब का धान खुले आसमान के नीचे
- सोसायटी से परिवहन के नाम पर फूंके लाखों, अब फिर नुकसान

**मार्कफेड ने समय पर नहीं कराया उठाव, बारिश में खराब हो रहा धान**



### तीनों जिले में 18 अरब का धान डंप

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग जिले के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 64930 क्विंटल रखे हुए है, वही बेमेतरा जिले में 28 लाख 3 हजार 320 क्विंटल धान और बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल का धान डंप है। इस तरह तीनों जिले में 59 लाख 90 हजार 430 क्विंटल धान सोसायटियों से लाने के बाद निराकरण नही हो पाया है। जिसकी जिम्मेदारी मार्कफेड की है। प्रति क्विंटल 31 रूपए में खरीदे के हिसाब से तीनों जिले में 18 अरब 57 करोड तीन लाख 33 हजार रूपए का धान भगवान भरोसे हैं।

### तकनीकी खामियों के कारण उठाव नहीं

राज्य स्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में रखे गए धान की नीलामी हो चुकी है। जानकारी अनुसार प्रति बोरी में चालीस किलो धान रखे जाने का सेटअप संग्रहण केन्द्र के साफ्टवेयर में फीड किया गया है। लेकिन नीलामी के बाद जब मिलर धान उठाने पहुंच रहे है तो वहां प्रति बोरी में एक से डेढ किलो तक वजन में कमी आने से उठाव की पर्ची नही कट पा रही हैं। यह परेशान प्रदेशभर में बनी हुई है, जिसके चलते नीलामी की प्रक्रिया निपटने के बाद भी प्रदेश में करोडों रूपए का धान बारिश के नीचे रखा गया है।

### 31 सौ रूपए में खरीदी, बोली कौड़ी की लगी

जिसमें पुराने बारदाने में रखे धान को 19 सौ और नए बारदाने के धान के लिए 1950 रूपए क्विंटल तक की दर बोलीकर्ताओं ने लगाए है। यह दर राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए थे। लेकिन बोली में इससे ज्यादा दर राज्य शासन को नही मिले है। सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन द्वारा गठित टीम द्वारा गहन समीक्षा किए जाने के बाद इसी दर पर उठाव के निर्देश भी दे दिए है। लेकिन अब तक उठाव नही हो सका है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में ही 59 लाख क्विंटल से ज्यादा धान संग्रहण केन्द्र में डंप है।

### केन्द्र क्यों नहीं ले रहा धान

हमारी कांग्रेस सरकार छग के धान को केन्द्र के सेंट्रल पुल में लेने हर संभव प्रयास किया था। लेकिन अभी तो केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, फिर केन्द्र क्यों नही ले रही हैं। आखिर नीलामी करने की नौबत आई और बारिश में धान खराब होने पर जवाबदेही किसकी होगी, भाजपा की नीति फेल हैं।

**-राजेन्द्र साहू,** महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# ओव्हर रेट में बिक रही शराब आबकारी अधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

संभागीय डउनदस्ता की टीम की जांच में चौकाने वाले खुलासे सामने आए है। टीम द्वारा किए गए जांच में ओव्हर रेट में शराब बेचने और मनमाफिक ब्रांड की बिक्री होने के खुलासे हुआ है। यही नहीं जांच में पाया गया कि, कई बोतलों की ढक्कने में सील टुटी हुई पाई गई। ऐसे में मिलावट शराब बेचने के भी प्रकरण बनाए गए है। उडनदस्ता ने जांच रिपोर्ट राज्य सहायक आबकारी और आबकारी सचिव को सौंपी थी। अपराधिक प्रकरण की रिपोर्ट राज्य में सौंपे जाने के बाद दुर्ग के आबकारी अधिकारी सीआर साहु को नोटिस जारी किया गया है। मंगलवार को आबकारी सचिव व आयुक्त के निर्देश पर संभागीय उडनदस्ता प्रभारी नवीन तोमर ने अपनी टीम के साथ जांच किया था। टीम ने जिले के कई दुकानों की जांच की थी, जिसमें सिविक सेंटर, भिलाई तीन कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान और कई बार में भी जांच की थी। जिसमें सिविक सेंटर शराब दुकान में मिलावटी शराब पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए है। यहां ओव्हर रेटिंग की शिकायत मिली थी, टीम को 1401 नंबर पर शिकायत मिली थी। जिसके बाद टीम ग्राहक बनकर दुकान पहुंची थी।

- आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी

### आबकारी अधिकारी को जमकर फटकार

सूत्रों ने बताया कि, ओव्हर रेटिंग, मिलावट शराब और मनमानी ब्रांड की शराब बेचने का प्रकरण आबकारी सचिव व आयुक्त तक पहुंची। जिस पर उन्होने दुर्ग आबकारी सीआर साहू को नोटिस जारी कर जमकर फटकार लगाई हैं, वही कलेक्टर को भी ऐसे प्रकरण में विशेष ध्यान देने की नसीहत दी गई। जानकारी अनुसार जांच में पाया गया कि, दुकान में फ्रीजर में कमीशन वाले ब्रांड को ही रखा जाता था। वही स्टाक में भी गडबडी मिली है। इसके आलावा एक दूसरे दुकान से स्टाक ट्रांसफर कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई हैं। बहरहाल अपराधिक प्रकरण राज्य शासन को भेजे गए है।




# सारी रात टाउनशिप में बिजली गुल से गुस्साए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भारत पाक के बीच युद्ध खत्म हो हुए दस दिन बीत चुके हैं लेकिन बारिश अंधड़े के दौरान बीती मंगलवार रातभर पूरे टाउनशिप में ब्लैकआउट जैसी स्थिति क्यों रही। परेशान बीएसपी रहवासी कई बार बिजली विभाग को फोन किए पर घंटी बजती रही। कई कर्मचारी ड्यूटी नहीं जा पाए और घरों में बच्चे, महिलाएं व बीमार रातभर भूखे प्यासे अंधरेस,मच्छरों से कटवाते व उमस में राज जागकर बिताने मजबूर हुए।

मंगलवार को अंधड़ बारिश से टाउनशिप में रातभर बिजली गुल से गुस्साए बुधवार को नगर सेवएं प्रशासनिक कार्यालय पहुंचे रहवासी संयत्रकर्मी व जन प्रतिनिधी विभागीय कर्मियों व अधिकारियों पर जमकर बरसे। नगर निगम भिलाई के लोक स्वास्थ्य व स्वच्छता विभाग प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में टाउनशिप के कई रहवासियों ने अधिकारियों से मिलकर सेक्टर 7 सहित टाउनशिप में रातभर बिजली गुल होने पर रोष जताते हुए लोगों व कर्मियों की परेशानी से अवगत कराया। भीड़ में साथ आए कई लोगों को भवन के नीचे ही रोक लिया गया सिर्फ पार्षद के साथ 7-8 लोगों को चर्चा के लिए बुलाया। नीचे लोग कर्मियों को रात भर अपनी परेशानी व ऊपर लक्ष्मीपति राजू के साथ अधिकारियों को शाम 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 9 बजे तक बिजली गुल होने से अंधेरे में मच्छरों व उमस के बीच परेशानी बताई। कहा बिजली वाले किसी भी व्यक्ति ने फोन रिसीव नहीं किया। राहत दिलाएं।



- पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ पहुंचे एस्टेट आफिस, कहा सेक्टर 7 में बदलें पुराने तार व खराब ट्रांसफार्मर

### पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग

सीजीएम के नाम सौंप ज्ञापन में लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि सेक्टर 7 में बिजली गुल लो वोल्टेज रोज की समस्या है। तीन घंटे कटौती के दौरान कोई भी बिजली आपूर्ति की उम्मीद नहीं करता लेकिन अघोषित बिजली गुल मुहिम से रात खाने की मेज पर आधा व अधपका खाना खाकर ही कर्मियों को मिल रहा है और न आराम मिलता है और न उमस से बचाव। कम वोल्टेज से लैंप, ट्यूब व बिजली के अन्य उपकरण घरों के खराब हो रहे हैं और पंखे भी ठीक से हवा नहीं दे रहे हैं। आपके कार्यालय में कई बार शिकायत के बाद अब तक स्थाई समाधान नहीं मिला है। जब दूसरे इलाके में बिजली आती है, तब भी सेक्टर 7 में घंटों अंधेरा क्यों रहता है। जिन तारों से हमारे इलाके में बिजली आती है वे पुराने व घिस चुके हैं। ट्रांसफार्मर भी पुराने व खराब हो चुके हैं। पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को जल्द बदला जाए। ज्ञापन देने चर्चा के दौरान स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के साथ विनोद शुक्ला, अब्दुल, सुनील कोहले, रामाराव, अमरदीप सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अलग से दोपहर पहुंचे लोगों ने कहा कि सेक्टर पांच में बिजली बहुत कम गुल होती है। गुल होने के पांच दस मिनट में आ जाती है। क्योंकि यहां सांसद, विधायक और महापौर का निवास होने से प्रबंधन पर दबाव रहता है। फिर रात 4.30 बजे सेक्टर 6, 4 बजे सेक्टर 1,2,3 व सुबह 6 बजे बिजली आने वाले सेक्टर 8, 7, व दस के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन ऑनलाईन पोर्टल में 31 जुलाई तक लिए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कराने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार के लिए जो बच्चे बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है।

### तारों पर झूलती झाड़ियों से बिजली गुल

**भिलाई।** टाउनशिप में बेमौस अंधड़ और बारिश के साथ बिजली के तारों पर झूलते पेड़ बिजली गुल होने का एक बड़ा कारण बने हुए हैं। सभी सेक्टरों में बिजली खंभों के किनारे जगह जगह झाड़ियां तारों के निकट हैं। जब कभी भी अंधड़ या तेज हवा व मूसलाधार वर्षा होत है तो डालियां तारों से टकराती रहती हैं। कई बार टूटकर तारों पर गिर जाती है। पंद्रह दिन पहले आए अंधड़ में दो सौ पेड़ गिर थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि महीनेभर बाद बारिश का मौसम आने वाला है तो बिजली गुल की समस्या और बढ़ जाएगी। तारों पर झूलने वाली झाड़ियों की छंटाई जरुरी है।

# 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत महा सफाई अभियान महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, मण्डल अध्यक्ष कमलेश फेकर के साथ राजीव नगर क्षेत्र, नया पारा, तालाब क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न गलियों के वार्ड 2 का निरीक्षण किया। सड़क की सफाई व नाली, नाला की सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क की सफाई व नाली सफाई कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों से बात की। उनकी समस्याओं को समझा। प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने कहा बारिश के पहले सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई करने कहा तुरंत कूड़ा कचरा को उठाने की बात कही। उन्होंने कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने चेताया। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

# केमिकलयुक्त पानी के मुद्दे में हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उपमुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने निगम के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। दया सिंह ने कहा कि जिस प्रकार शासन अलग-अलग विभागों के इंजीनियरों को अनियमितता के आरोप में निलंबित कर रही है, उसी तरह भिलाई निगम के भ्रष्ट अफसरों की भी छुट्टी की जाए। उन्होंने छावनी के कैमिकल युक्त पानी की निष्पक्ष जांच कराने की मांग दोबारा की। दया सिंह ने बताया की औद्योगिक क्षेत्र छावनी और खुर्सीपार में कैमिकल युक्त पानी आ रहा है। भू-जल में उद्योगपतियों ने इतना कैमिकल मिला दिया है कि बोरिंग और ट्यूबवेल से कैमिकल युक्त पानी आ रहा है। पर्यावरण विभाग और निगम प्रशासन जांच के नाम पर सालों से खानापूर्ति कर रहे हैं। आम जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रशासनिक महकमा इस पूरे मामले में लीपापोती में जुटा हुआ है। उन्होंने पिछली सरकार में गौठान में केचुआ खाद बनाने के नाम पर अनियमिता की भी जानकारी दी। बताया कि लाखों रुपए खर्च किए, पर एक किलो खाद नहीं बना और अब नेहरू नगर के ग्रीन लैंड की जमीन पर केचुआ खाद बनाने 1 करोड़ फिर से खर्च कर रहे हैं। नेहरू नगर का गार्डन जिसे 2 करोड़ में बनाया गया, अफसरों ने उसे पूरा उजाड़ दिया। जबकि यह ग्रीन लैंड की जमीन है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह जी ने योग, राशि मुद्रा और ओपन जिम गार्डन का लोकार्पण किया था। शहर की बड़ी-बड़ी संस्थानों ने सालों से ना जलकर दिया है और न ही संपत्तिकर। 400 से ज्यादा उद्योगपति, 100 से मैरिज हॉल, होटल और व्यवसायिक काम्प्लेक्स के संचालक टैक्स चोरी कर निगम को चुना लगा रहे हैं।

- ननि मंत्री से निगम व्याप्त अनियमितता की शिकायत की भी की





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



परिधान शौकीनों का


## लाइव इवेंट

### 9वीं और 11वीं में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे सवा लाख



**भिलाई।** प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत स्कूलों में पढ़ने वाले 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को उन्हें मिले अंक के आधार पर सवा लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। 9 वीं के विद्यार्थियों को 75 हजार और 11 वीं के विद्यार्थियों को 1.25 लाख रुपए की सालाना छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसकी शुरुआत जून-जुलाई में होगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 8वी, 10वी के नतीजे भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में कक्षा 9वीं और 11वीं में पहुंचने वाले ऐसे बच्चे, जिन्होंने अच्छे अंक हासिल किए हैं, लेकिन आगे की पढ़ाई रुपए की तंगी के चलते उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, उनके लिए यह बेहतर अवसर है। आवेदन ऑनलाइन होंगे। इस स्कॉलरशिप के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा ले सकती है, या मेरिट के आधार पर चयन किया जा सकता है। ओबीसी, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और गैर-अधिसूचित उमीदवार पात्र होंगे। शासकीय और निजी स्कूल का बंधन नहीं है। परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराएगी। ये परीक्षा पेन और पेपर मोड (ओएमआर ) पर आधारित होगी। परीक्षा का पैटर्न वस्तुनिष्ठ रहेगा, जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) पूछे जाएंगे। इन परीक्षा के लिए ढाई घंटे मिलेंगे। मीडियम अंग्रेजी और हिंदी दोनों ही रहेगा।

## सिटी इवेंट

### सहायिका के लिए आवेदन 2 जून तक कार्यकर्ता के लिए आपत्ति 28 मई तक




**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती की जाएगी। दुर्ग शहरी के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक पद पर भर्ती होनी है। आवेदन 2 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। बाल विकास परियोजना कार्यालय दुग (शहरी) में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र क्रमांक धाखा 2, वार्ड क्रमांक 1 नयापारा में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इधर कार्यकर्ता पद के लिए अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। यह सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर पालिका निगम दुर्ग के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। दावा आपत्ति 28 मई तक की जा सकती है। आवेदन के लिए आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य निर्धारित है। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड उत्तीर्ण, आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए। अनुभवी कार्यकर्ता, सहायिका, सह-सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होने पर, गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर निर्धारित अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

## सिटी इवेंट

### कनिष्ठ सहायक की भर्ती परीक्षा में 600 अभ्यर्थी हुए शामिल



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में कनिष्ठ सहायक की भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 600 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। आईआईटी भिलाई की स्थापना से छत्तीसगढ़ राज्य में कई रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा लिखित परीक्षा के सफल संचालन एवं आयोजन तथा विधि व्यवस्था हेतु कई तैयारियां की गई। गर्भवती महिलाओं एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए गंतव्य तक पहुंचने हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को लेकर निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह, दुष्प्रचार से दिग्भ्रमित न हो। प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। परीक्षा संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।

---

● नेहरु हाउस के 20 दिवसीय शिविर में कहीं थिएटर गेम्स तो कहीं डांस तो के गुर सीख रहे बच्चे

# 27 साल से इप्टा नाट्य शिविर बना रंगमंच की नर्सरी, छालीवुड से लेकर बालीवुड तक का सफर तय कर चुके यहां के कलाकार

25 साल में तीन हजार बच्चे सीखे, कई छालीवुड तो कई बालीवुड में दिखा रहे प्रतिभा। सुबह खुशनुमा महौल में उत्साह और उल्लास से भरे बच्चे, गर्मी की छुट्टियों में पास-पड़ोस में धमाचौकड़ी में वक्त जाया करने के बजाए हिलोरें मारती कुछ रचनात्मक सीखने की ललक। और फिर क्रिएटिव कैंपस में हासिल अपने टैलेंट के बूते बड़े होकर रंगमंच और रुपहले परदे पर धमाल मचाने का सुनहरा सपना...।

विमल शंकर झा ▶▶|भिलाई

नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 के परिसर मे इन दिनों ऐसा ही खुशगवार नजारा है,जहां इप्टा भिलाई के बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन तरुण एवं नाट्य शिविर में बच्चे नाट्य कला के गुर सीख रहे हैं। उल्लास और खुशी के माहौल में नौनिहालों के सीखने का जज्बा और वरिष्ठ व युवा रंगकर्मियों का खेल खेल में सिखाने का अंदाज दोनों ही दिलचस्प है। कहीं, अभिनय और डांस का मोहक अंदाज तो कहीं सुरीली धुन पर लोक गीतों की गूंजती प्यारी आवाज । कला का मंत्र लेने में बच्चे जितनी संजीदगी दिखाते हैं, नाश्ते के वक्त एक्टिंग व डायलाग मारते हुए उतना ही धमाल मचाते दिखाई देते हैं। 27 वें नाट्य शिविर में इस साल भिलाई दुर्ग के 70 बच्चे रोज सुबह 6.30 से 11 बजे तक प्रशिक्षण ले रहे हैं। युवा रंगकर्मी चारु व चित्रांश श्रीवास्तव,रौशन घड़ेकर, रोहित रेड्डी, शानिद अहमद, श्रीनू, अंशुमन, किशोर, हर्ष, कनिष्क, ऋषभ, लेखा, अमिताभ व अपराजिता रंग कर्म के प्रभावी टिप्स दे रहे हैं। इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि पहले पैरेंट्स बच्चों को यहां भेजत थे, अब बच्चे उन्हें यहां सीखने लाने की याद दिलाते हैं। वरिष्ठ रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी बताते हैं कि शिविर में बच्चों को थिएटर गेम,एक्टिंग, इंप्रोवाइजेशन,डांस, लोक नृत्य, संगीत, कोलाज,कहानी व नाटक तैयार करना पूरे मनोयोग से सिखाया जा रहा है। युवा रंगकर्मी चित्रांश श्रीवास्तव बताते हैं कि शिविर में तैयार फौजियों को समर्पित नाटकों, छोटे बच्चों का बम बम बोले डांस,राजस्थानी घूमर नृत्य, सुवा, पंथी आदि छग लोकगीत व नृत्य व नाटक पैसों का पेड़, थाड़ दुवारे नंगा, सर्कस का मंचन 25 मई को शिविर के समापन पर किया जाएगा। शिविर में सीखने वाले बच्चों का उत्साह भी देखते ही बनता है। खुर्सीपार हालीकेयेर स्कूल क्लास 4 की दीक्षा बताती हैं इंजाय करते हुए थिएटर गेम व डांस सीख रही हैं। बड़ी कलाकार बनना चाहती हैं। जवाहर नगर के आदर्श बताते हैं पहले थिएटर सीखा अब यहां शार्ट फिल्में बनाना सीख रहे हैं। डायरेक्टर बनना चाहते हैं। यहां का माहौल इंस्पायर करने वाला है। शिविर संचालक देवनाराण बताते हैं कि शिविर में बच्चों को उनकी रुचि के अनुरुप विधाएं सिखाई जा रही हैं। बच्चों के साथ पालकों में भी समापन पर टैलेंट देखने का खासा उत्साह है।





### बच्चे चाहते हैं रंगमंच व रुपहले परदे पर धमाल

तीसरी बार शिविर में भाग ले रहीं शिक्षकनगर कुमकुम जैन बताती हैं कि यहां ड्रामा व डांस सीख रही हैं। पैसों का पेड़ नाटक व घूमर नृत्य में भाग लेंगी। शिविर के पारिवारिक माहौल में थिएटर टैलेंट के साथ पर्सनालिटी व विचारों की अभिव्यक्ति व इनोवेटिव भी निखरता है। नेहरुनगर के डीपीएस रिसाली क्लास थ्री के हर्ष बताते हैं पापा राहुल अग्रवाल के साथ यहां नाटक व डांस सीखने आए हैं। कलाकार के साथ आईएएस बनना चाहते हैं। दीक्षा की रुचि डांस में है, बताती हैं कि यहां सिखाने का तरीका नहीं भूलने वाला है। गर्ल्स कालेज दुर्ग से ग्रेज्युएट सपना टेकाम एक्टिंग व डांस सीख रही हैं। उनकी छग फिल्म ढोलकल रिलीज होने वाली है। बताती हैं कि अच्छी एक्ट्रेस बनना चाहती हैं। रोलमॉडल श्रद्धा कपूर हैं। उनकी कला को देखकर सीखने का प्रयास करती हैं। ताकि उन जैसा बन सके।



### पहले बच्चे स्कूल ड्रामा व अब फिल्मों की चाहत के लिए सीख रहे थियेटर

शिविर में भाग ले रहे कोपा करने वाले आदर्श प्रसाद हीरो बनना चाहते हैं, उनकी सोमवार व पल्टन आदि यू ट्यूब फिल्में आ चुकी हैं। युवा रंगकर्मी चारु श्रीवास्तव बताते हैं कि इप्टा शिविर में आकर बच्चों के टैलेंट में निखार के साथ पर्सनालिटी खुलती है और स्टेज फीयर खत्म होता है। अब तक बालीवुड के पंकज मिश्रा, रीतेश मेश्राम व श्रीकांत पाठक सहित हजारों बच्चे शिविर से प्रशिक्षण ले चुके हैं। युवा रंगकर्मी रोशन घड़ेकर बताते हैं कि 27 साल में बदलाव बहुत आया। बच्चे प्रतिभावन हैं और पहले स्कूल के लिए नाटक डांस सीखने आते थे अब इनके साथ फिल्मों में काम करने भी कई लोग सीखने यहां आते हैं। शिविर से निकलीं लेखा बंछोर यहां बच्चों के थिएटर गेम की तैयारी नाश्ते आदि प्रबंधन में हाथ बंटाती है। कहती हैं कि थिएटर के साथ कुकिंग में रुचि है। बताती हैं यहां बच्चे खुशी से रंगकर्म सीखते रहे हैं। लकी जैन इप्टा शिविर को यूनिक बताते हैं।










कोई रंगमंच तो कोई रुपहले पर्दे पर दिखना चाहता है।

---

# मचांदुर में सामूहिक विवाह, 10 मुस्लिम जोड़ो का इज्तेमाई निकाह, शासन से मिले 35 हजार रुपए

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मचांदुर में मुस्लिम समाज के इज्तेमाई निकाह (सामूहिक विवाह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10 मुस्लिम जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक और राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन की मंगलमयी शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत के निकाह हुए। सभी विवाहित जोड़े को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत 35000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। चंद्राकर ने जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है। उन्होंने




सभी नवदम्पतियों को प्रेम, विश्वास और समर्पण को अपने वैवाहिक जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। विवाह व इलाज दो ऐसे बड़े खर्च हैं, जिन्हें अब सरकार उठा रही है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह में 50,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इसमें 35,000 रुपये की प्रोत्साहन और परिवहन सहायता राशि का चेक नवविवाहित जोड़ों को सौंपा गया, जबकि शेष राशि से वर-वधू को आभूषण, श्रृंगार सामग्री, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में डालेश साहू, सरपंच युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, डॉ. रहीम खान, नवाब खान, शरीफ़ भाई मौजूद थे।

# महिलाओं ने माथे पर सिंदूर लगाकर हाथों में पकड़ा तिरंगा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वावधान में महिलाओं ने बुधवार की शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाई। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली।महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदूर का तिलक लगाइ्र। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते हुए कृष्णा टाकीज रोड पहुंची। यहां से रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, माया यादव, धर्मेन्द्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, महिला स्व समूह की सदस्य व नगर पालिक निगम रिसाली की महिला कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।



---

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर दुर्ग और भिलाई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग और भिलाई द्वारा अलग-अलग जगहों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भिलाई में खुर्सीपार स्थित मिनी स्टेडियम के पास कार्यक्रम हुआ। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने उन्हें आधुनिक युग का जनक बताया। उन्होंने कहा भारत रत्न दिवंगत राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर उनकी शहादत को याद किया गया। उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुरैशी ने कहा कि दुनिया कभी राजीव गांधी को नहीं भूला सकती, जिनके कारण आज भारत देश में अधुनिक युग की शुरुआत हुई। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था। राजीव गांधी सबसे कम उम्र वाले भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने। कम समय में एक जन नेता और प्रधानमंत्री के तौर पर देश को विकास पथ पर ले गए। उनका दृष्टिकोण आधुनिक था। उन्होंने गांवों को सशक्त और लोकतांत्रिक बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान की। टेलीकम्यूनिकेशन जगत को एक नई क्रांति प्रदान की। इसलिए राजीव गांधी जी को भारत देश में कंप्यूटर क्रांति का जनक माना जाता हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, साडा के पूर्व उपाध्क्ष बृजमोहन, समय लाल साहू, तुलसी पटेल, रामा विश्वकर्मा, मुकुंद भाऊ, जावेद खान, अरुण ठक्कर सहित अन्य मौजूद थे।

# पंचायती राज को मजबूत बनाने और संचार क्रांति लाने का श्रेय पूर्व पीएम राजीव को, जिन्होंने लिखी नवोयद स्कूल की इबादत



### आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम में राजीव का योगदान

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इसमें देश के इस महान सपूत और पूर्व प्रधानमंत्री का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की अच्छी शिक्षा के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की। भारत को मजबूत, आधुनिक और खुशहाल राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाई। 21 मई 1991 को राजीव गांधी जी की आत्मघाती बम विस्फोट में उनकी हत्या कर दी गई। उनके मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न से सुशोभित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद भूपेंद्र यादव, कन्हैयालाल, जोहन सिन्हा (पूर्व पार्षद), के. कोटेश्वर, मुरलीधर गुड्डू खान, मो. अयूब अंसारी, मो. रफीक, जवाहर प्रसाद आदि मौजूद थे।

### दूरसंचार क्रांति के जनक, आज पूरा भारत डिजिटाइजेशन में शिफ्टः धीरज

**दुर्ग।** दुर्ग निगम के पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि राजीव गांधी को दूरसंचार क्रांति का जनक माना जाता है। उनके योगदान के कारण ही आज पूरा भारत डिजिटाइजेशन में शिफ्ट हो गया है। राजीव गांधी की सोच ने दूरसंचार क्रांति लाई। हमारे पास लैपटॉप और मोबाइल राजीव गांधी की देन है। बाकलीवाल ने कहा कि आपने कभी महसूस किया है कि मोबाइल और कंप्यूटर की वजह से आपके रोजमर्रा के काम कितने आसान हो गए है। आपके तमाम काम घर बैठे-बैठे आसानी से हो जा रहे हैं। न कहीं जाना पड़ता है, न ही समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। आप जब चाहे कुछ सेंकेड के भीतर ही विदेश में रह रहे रिश्तेदार से आप नजरें मिलाकर बातें कर सकते हैं। आज यह सब कुछ इसलिए संभव हुआ क्योंकि करीब 40 साल पहले एक नेता ने इसके लिए अपने हाई प्रोफाइल पायलट के करियर को छोड़ राजनीति ज्वाइन की और देशद्रोहियों की साजिश के बाद आज ही के दिन यानी 21 मई 1991 को शहीद हो गए। कम्प्यूटर और मोबाइल लाकर देश में नए युग का आगाज करने वाले हीरो राजीव गांधी हैं। धीरज ने कहा कि इसके बाद राजीव गांधी की पहल पर अगस्त 1984 में पहले दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सी-डॉट की स्थापना हुई।



## सिटी इवेंट

# टेक्नीशियन कोर्स के स्टूडेंस को बंटे सर्टिफिकेट, हुईं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**दुर्ग।** एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज चिखली दुर्ग के प्रांगण में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं छग पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सर्टिफिकेट वितरण करने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम उत्तम ध्रुव थे। अध्यक्षता आईएमए अध्यक्ष डॉ. बसंत वर्मा ने की। विशेष रूप से डॉ. अनुपम लाल, डॉ. विश्वामित्र दयाल, डॉ. दिनेश जैन, डॉ. जी. गौतम, डॉ. विनीता धुर्वे, विजय यचुरी, विष्णु पाठक, कमल किशोर शर्मा मौजूद थे। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भविष्य में हर चुनौती का सामना करके सफल होने के लिए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया मार्गदर्शन

संस्था के चेयरमैन संजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया। मेडिकल क्षेत्र में कैसे करियर बनाएं इस प्रकाश डाला। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। नर्सिंग सुप्रीटेन्डेन्ट विजय गवान्डे ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि अतिशीघ्र डी फार्मेसी कॉलेज प्रारंभ होना है। आभार प्रदर्शन अरविन्द खैरवार ने किया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, संजय नायक. डॉ. टोपेन्द्र शुक्ला, डॉ. रघुनन्दन शर्मा, डॉ. अजय, डॉ. जेएन पाण्डेय, जाकीर जगजीत सहित अन्य मौजूद थे।

● समर कैंप में स्कूल के बच्चों को सिखाई जा रही शतरंज की बारीकियां, भिलाई विद्यालय में आयोजन

# शतरंज में कैसे बिछाई जाती है बिसात...कैसे होती है मुहरों की घेराबंदी...राजा को बचाना व वजीर का उपयोग...सब सिखाया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में आयोजित निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में 30 से ज्यादा बच्चे शतरंज की बारीकियां सीख रहे हैं। इसमें 13 बालिका एवं 17 बालक हैं। यह प्रशिक्षण शिविर 5 जून तक चलेगा। इसमें बच्चों को बताया जा रहा है कि शतरंज की बिसात कैसे सजती है, कैसे मुहरों को घेराबंदी होती है। कैसे वजीर अपने राजा को बचाकर चलता है। घोड़ा ढाई घर किस तरफ चल सकता है। ऊंट और हाथी की रफ्तार कहां तक दूसरी मुहरों को धाराशाही कर सकती है। इस प्रकार के शतरंज से जुड़े अन्य दांवपेंच सिखाए जा रहे हैं। भिलाई के जानेमाने प्रसिद्ध शतरंज के कोच अलंकार भिवगढे, एसके भगत, महेश दास, दुर्गा बाबू, जयंता दास यह प्रशिक्षण दे रहे हैं। भगत ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष कैंप का आकर्षण बनी है शतरंज की कक्षा। इसमें बच्चों को शतरंज के खेल की बारीकियां सिखाई जा रही है।



### शतरंज व्यक्ति को बनाता है मानसिक रूप से मजबूत

कोच अलंकार भिवगढे का कहना है कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। यह खेल अनुशासन, धैर्य और तर्कशक्ति को बढ़ाता है। बच्चों की रुचि को देखते हुए प्रशिक्षक उन्हें छोटे-छोटे टूर्नामेंट के ज़रिए प्रतियोगिता का अनुभव भी दे रहे हैं। अभिभावक भी इस पहल से काफी खुश हैं। उनका मानना है कि ऐसे आयोजन बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखकर उनके अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, समर कैंप में चल रही शतरंज की यह क्लास न केवल बच्चों को एक नया कौशल सिखा रही है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभा रही है। ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित, प्रेरणा दायक और शैक्षिक माहौल में अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करता है।

### क्लास का उद्देश्य मनोरंजन नहीं सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमथा निखारना

भगत ने बताया कि यह क्लास न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि बच्चों की सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता को भी निखार रही है। प्रशिक्षक बच्चों को शतरंज के मूल नियमों से लेकर चालों की गहराई तक सिखा रहे हैं। पैदल, ऊँट, घोड़ा, हाथी, वज़ीर और राजा की हर चाल का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को बताया जा रहा है कि कब कौन सी चाल चलनी चाहिए, कैसे विरोधी की रणनीति को समझा जाए और किस तरह से जीत की ओर बढ़ा जाए। क्लास में भाग ले रहे बच्चों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। सभी बच्चे अपने माता-पिता के साथ सुबह 6.30 क्लास में पहुंच रहे हैं। बच्चों के साथ माता-पिता भी कई खास तरह की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों के साथ अब वे भी अब शतरंज के क्लास में रूचि दिखाने लगे हैं।



### अंडर-13 फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप के चौथे राउंड में रोचक मुकाबले, फाइनल होगा जल्द





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-13 बालक एवं बालिका फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप-2025 के चौथे राउंड में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कई शीर्ष बोर्डों पर बाजियां ड्रा रही, वहीं कुछ खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज कर अपनी स्थिति मजबूत की। शीर्ष बोर्ड पर भव्यम झंवर और मडके ईशिका के बीच की बाजी रोमांचक संघर्ष के बाद ड्रॉ रही। वहीं, हेतांशी मुदालियार और शिल्प कुमार घोड़ेश्वर ने क्रमशः अनिरुद्धि अनंत और देवांश जैन को हराकर पूरे अंक अर्जित किए। चौथे बोर्ड पर अक्ष चोपड़ा ने वी. विराट अय्यर को मात देकर बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, प्रांजल सिंह और प्रतिष्ठा अहिरवार, गुनवंत साहू और प्रांजल बिस्वाल, सिद्धांत मिश्रा और कश्वी जैन के बीच मुकाबले भी बराबरी पर छूटे। अन्य मुकाबलों में अभिनव सिंह राजपूत, सुकृति शर्मा, और आदिति आदित्य ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में खुद को टॉप ग्रुप में बनाए रखा।प्रतियोगिता के आगामी राउंड्स में स्थिति और रोचक होने की संभावना है क्योंकि सभी खिलाड़ी राज्य खिताब और बेहतर फिडे रेटिंग की ओर बढ़ रहे हैं। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी एवं डिप्टी चीफ आर्बिटर फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है।

## सिटी लाइव

# पंडवानी गायक झाड़ू राम की पुण्य स्मृति में 14 को प्रतिभा सम्मान समारोह



**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुई। बैठक में प्रसिद्ध पंडवानी गायक झाड़ू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को 11 बजे से डॉ भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम, कैम्प -2, भिलाई में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसमें सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में समाज हित में अनेक महत्वपूर्ण विषयों एवं जिले के विभिन्न इकाइयों से प्राप्त अनेक सामाजिक प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र लिमजे ने समाज का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता समाज के जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने की। जिला अध्यक्ष पुरानिक देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवांगन समाज के गौरव अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायक झाड़ू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, मंत्री गण, क्षेत्रीय सांसद एवं विधायकों को आमंत्रित किया जा रहा है।

- 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होंगे पुरस्कृत

**आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक :** वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले सम्मान समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस हेतु जिला के सभी प्राचार्यों को पत्र भेजकर उनसे मेधावी विद्यार्थियों की सूची मंगाईं जा रही है। बैठक को देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, बघेरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण देवांगन, जामुल मंडल के मुकेश देवांगन, दुर्ग नगर अध्यक्ष राकेश देवांगन आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर धनुष देवांगन, राजेंद्र लिमजे, मंगतूराम देवांगन, कीर्ति देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## सेना की शौर्य का सम्मान

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली मशाल रैली, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सराहा



**भिलाई।** भारतीय सेना के सम्मान में बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नंदिनी रोड से मशाल रैली निकाली। तिरंगा यात्रा की तर्ज पर यह मशाल रैली निकाली गई। रैली में प्रमुख रूप से बीजेपी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, स्वीटी कौशिक, तुलसी साहू, योगेंद्र सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान महिलाएं लाल साड़ी में नजर आईं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के पराक्रम को प्रदर्शित करता है। भारतीय सेना ने जिस प्रकार से पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया, यह एक कुशल रणनीति रही। देश-दुनिया के हमारे जवानों और देश के प्रधानमंत्री ने बताया दिया कि भारतीय सेना किसी भी मोर्चे पर पीछे नहीं है। वह हर तरीके से युद्ध लड़ना जानती है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर भिलाई के सर्व समाज के माता बहनों ने यात्रा में शामिल होकर सेना के शौर्य और पराक्रम की वीर गाथा को नमन कर राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर भारत माता के जयकारों से उत्साह व उमंग के साथ तिरंगा सिंदूर यात्रा को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, विधायक रिकेश सेन, विभा अवस्थी, सरला आचार्य, प्रमिला दुबे, स्मिता दोडके, वीना चंद्राकर, ईश्वरी नेताम, गिरजा बंछोर, सत्यदेवी जायसवाल, मिथिला खिंचरिया आदि मौजूद थे।

- बीजेपी महिला मोर्चा ने नंदिनी रोड से पावर हाउस चौक तक निकाली तिरंगा यात्रा

## अधिकारियों ने दिया आश्वासन

# कायस्थ सामाजिक भवन के सामने अवैध कब्जा हटाने सुशासन तिहार में दिया आवेदन



**भिलाई।** कायस्थ सामाजिक भवन के पास झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया गया है। बार-बार कहने के बाद भी इसे नहीं हटाया जा रहा। इसे लेकर कायस्थ समाज का प्रतिनिधि मंडल सुशासन तिहार के अंतर्गत लगाए गए शिविर में पहुंचा। झाड़ूराम देवांगन शासकीय आत्मानंद स्कूल जीई रोड में आयोजित शिविर में सामाजिक प्रतिनिधियों ने वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान कायस्थ सभा से अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव सुमित श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव प्रशांत श्रीवास्तव, सहयोगी सदस्य प्रशांत बक्शी, महिला विंग से अराधना खरे, पूनम श्रीवास्तव, रश्मि सुधीर श्रीवास्तव, युवा सदस्य अक्षत श्रीवास्तव, दिव्यांश खरे सहित अन्य उपस्थित थे। प्रशांस श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से सामाजिक भवन में होने वाली सामाजिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसे लेकर पहले भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। इसे देखते हुए सुशासन तिहार को लेकर लगाए गए शिविर में वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वे मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**कायस्थ सभा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा जेआरडी स्कूल, दी वस्तु स्थिति की जानकारी**

# सीबीएसई 12 वीं बोर्ड के मेधावी छात्र विराज यादव का किया सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विराज यादव को शाल, श्रीफल, मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। वे प्रमोद यादव एवं किरण यादव के पुत्र हैं। प्रमोद यादव ने बताया कि विराज शुरू से ही मेधावी है। पढ़ाई के लिए कभी फोर्स करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। 10वीं में भी 95.4% अंकों से प्रावीण्य में रहा। भाई प्रखर यादव ने बताया कि विराज जेईई मेन्स में अच्छे रैंक पर है। एनआईआईटी में सीएस ब्रांच में आगे की पढ़ाई करने का इच्छुक है। आईआईटी एग्जाम में भी उम्मीद है, पर अभी रिजल्ट नहीं आया है। आईटी सेक्टर में विराज की रूचि है। बास्केटबॉल उनकी हॉबी है। विराज ने अपनी सफलता का मूल मंत्र सोशल मीडिया, मोबाइल, टीवी, सिनेमा से दूर रहकर प्रतिदिन 6 घंटे स्व अध्ययन को बताया है। विराज ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षक लोकेश कुमार (गणित), राहुल दुबे (गणित ), अभिमन्यु कुमार एवं धीरेंद्र कुमार (आईआईटीयंस) और माता-पिता का दिया है। इस अवसर पर समाज के सत्येंद्र यादव, बिरेन्द्र कुमार यदु, सूर्यकांत यादव, राजू यादव, जयेंद्र यादव, आशीष यादव, प्रवीण यदु मौजूद थे।


कान्स में डेब्यू करने वाली छग की पहली महिला बनीं, रेड कारपेट पर चलती नजर आईं

## कार्नर न्यूज

# कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में रैम्प वॉक करने वाली दुर्ग की पहली महिला बनी जूही, ग्लोबल वॉर्मिंग पर दिया संदेश

**दुर्ग।** कॉन्स फिल्म फेस्टिवल-2025 दुर्ग सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए खास रहा। फ्रांस में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग छत्तीसगढ़ की जूही व्यास ने रेड कॉरपेट में रैम्प वॉक कर ग्लोबल वार्मिंग और इसके संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन में इस बार ग्लैमर से हटकर एक गंभीर संदेश देखने को मिला। छत्तीसगढ़ की जूही व्यास ने रेड कारपेट पर जलती हुई पृथ्वी को दर्शाती ड्रेस पहनकर जलवायु संकट की ओर दुनिया का ध्यान खींचा। वियतनामी डिजाइनर नगुयेन टी ट्रीन द्वारा तैयार की गई यह ड्रेस तापमान वृद्धि और पर्यावरण असंतुलन का प्रतीक थी। जूही ने ग्रीनपीस इंडिया और वॉइस ऑफ द प्लैनेट अभियान के तहत भारत का प्रतिनिधित्व किया। जूही ने कहा कि यह सिर्फ एक ड्रेस नहीं है, बल्कि उन लोगों की कहानी है जो चुपचाप जलवायु संकट झेल रहे हैं। एक मां होने के नाते, मुझे अगली पीढ़ी के लिए पृथ्वी की रक्षा करने की जिम्मेदारी और भी ज्यादा महसूस होती है। राष्ट्रीय निदेशक मोहिनी शर्मा के साथ उन्होंने समुद्री प्रदूषण, प्लास्टिक संकट और हाई सीस ट्रिटी जैसे मुद्दों को भी उठाया। एक छोटे से शहर से निकली यह आवाज आज भारत का नाम कान्स जैसे वैश्विक मंच पर गर्व से बुलंद कर रही है।





### मिस इंडिया आईएनसी में फर्स्ट रनर अप रहीं

जूही ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में मिस इंडिया आईएनसी में फर्स्ट रनर अप रह चुकी है। उन्होंने कैलिफ़ोर्निया में आयोजित मिस ग्लोबल 2023 में प्यूपल्स ऑफ च्वाइस का खिताब हासिल करने वाली पहली भारती पहली थी। जूही ने 2024 में चीन में आयोजित मिस ग्लोबल की जूरी में भी शामिल हुई। जो अपने आप में बड़ी बात है। इसमें किसी भारतीय महिला को जूरी टीम में शामिल किया गया था। इसके साथ ही 2025 में आयोजिन एशियन-यूरोपियन पेरिस फैशन वीक में वॉक कर चूकी है। इसके अलावा जूही 6 अंतराष्ट्रीय डिजाइनर के लिए वॉक कर चुकी है। जूही एक पेजेंट ग्रूमिंग मेंटर, प्रोफेशनल मेकअप आर्टटिस्ट और सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं।

### समय वार्निंग का नहीं एक्शन का

जूही ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर हमारे बच्चों क वार्निंग देने का नहीं बल्कि एक्शन का समय आ गया है। कांस का नाम आते ही फिल्म अभिनेत्री एश्वर्या राय का चेहरा सामने आता जिसे लोरियल कंपनी यहां तक लेकर गई थी। इसी तरह मुझे भी मिस इंडिया आईएनसी व ग्रीनपीस के माध्यम से यहां पहुंच रही हूं। यह अंतराष्ट्रीय संस्था है जो ग्लोबल वार्मिंग के लिए काम करती है। मां होने के नाते सभी को जलवायु परिवर्तन और विश्व शांति का संदेश देना चाहिए। जूही डीपीएस रिसाली की छात्रा रह चुकी हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई शंकरा इंजीनियरिंग कॉलेज से पूरा किया है। पांच साल के उम्र से एब्रो बनाना सीख गईं। पिता की तबीयत खराब होने पर घर की बड़ी होने के नाते 13 साल से ही कमाई करना शुरू किया।

## सिटी खेल

### आईएमएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने टिकेश्वरी रवाना



रायपुर। आईएफएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप 22 मई - 1 जून 2025, अंटालिया (टर्की) में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच 25 वर्षीय कु टिकेश्वरी साहू आज 21 मई 2025 की शाम स्वामी विवेकानंद विमानतल से नई दिल्ली रवाना हुई।

यह जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि टिकेश्वरी साहू 13 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल के अन्य सदस्यों के साथ 22 मई 2025 की देर रात अंटालिया (टर्की) हेतू रवाना होगी।

अंटालिया रवानगी के पूर्व 22 मई 2025 को भारतीय म्यू थाई दल का UMAI अध्यक्ष मोहन वर्मा, महासचिव श्रीराम चौधरी जी के नेतृत्व में खेल मंत्री - भारत शासन और भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों से सौजन्य भैंट का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि उक्त अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतू कु टिकेश्वरी साहू छ ग से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। टिकेश्वरी साहू विगत चार वर्षों में चौथी बार अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं इसके पूर्व थाईलैण्ड, हॉन्गकॉन्ग, ताईवान में म्यूथाई खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक जीत कर भारत और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि टिकेश्वरी साहू श्री गुजराती उ मा शाला, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छग) की पूर्व खेल शिक्षक रही है। स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पर विदाई सह शुभकामनाएं देने राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव (भाजपा प्रदेश खेल एवँ कला उप प्रमुख), विशाल हियाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी अन्नू देवी कँवर, मानसी तांडी, मंजू साहू, जितेन्द्र यादव (अध्यक्ष यादव समाज) आदि उपस्थित थे।

इसके पूर्व दंतेवाड़ा में दंतेवाड़ा पूर्व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वर्तमान कलेक्टर कुणाल ददावत, सीईओ जयंत नाहटा, खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा के खेल अधिकारी प्रदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी अभियंता शिवलाल ठाकुर, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विमल दीक्षित सहित अनेक खिलाड़ियों ने टिकेश्वरी साहू को शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी।

## डॉक्टर से जानिए इस मौसम में कैसे रहें सुरक्षित

# बढ़ती गर्मी के कारण बढ़ सकती है बेहोशी-चक्कर जैसी समस्याएं, घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा रहें सावधान

देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) लगने का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार (20 मई) को पारा 40 डिग्री और इसके आसपास देखा गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

डॉक्टर बताते हैं, अत्यधिक गर्मी शरीर के थर्मोरेगुलेटरी सिस्टम (तापमान को कंट्रोल करने वाले तंत्र) को प्रभावित करती है, जिससे लू लगने, हीट एक्सहॉशन, चक्कर आने और बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

चूंकि इन दिनों तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, इसलिए आपको पहले से ही कुछ सावधानियां बरतते रहना चाहिए जिससे गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।



### हीट स्ट्रोक का बढ़ रहा है खतरा

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र डबास बताते हैं, गर्मी के दिनों में हीट स्ट्रोक बहुत आम समस्या है पर कुछ स्थितियों में इसके कारण गंभीर दिक्कतें भी हो सकती हैं। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान 104फैरनहाइट (40सेल्सियस) या उससे अधिक हो जाता है। यह समस्या शरीर के तापमान नियंत्रित करने की क्षमता फेल हो जाने के कारण होती है।



वैसे तो हीट स्ट्रोक किसी को भी हो सकता है, पर बच्चे और बुजुर्गों में इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। बच्चों का शरीर तेजी से गर्म होता है और वे अपनी स्थिति को सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते वहीं बुजुर्गों के शरीर की थर्मोरेगुलेशन क्षमता कम होती है, इसके कारण 60 से अधिक उम्र वाले लोगों को भी लू लगने का जोखिम अधिक रहता है।

### ऐसे लोगों को बरतनी चाहिए खास सावधानी

डॉक्टर कहते हैं, यदि आप गर्भवती हैं या खुले में काम करने करते हैं (जैसे मजदूर, ट्रैफिक पुलिस, किसान) तो गर्मी से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहें। इसके अलावा क्रोनिक बीमारियों से पीड़ित जैसे हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या मोटापा के शिकार लोगों को भी गर्मी के दिनों में विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं हो गया है हीट स्ट्रोक?

डॉक्टर बताते हैं हीट स्ट्रोक की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती हैं। शरीर का तापमना बढ़ जाना इसका पहला लक्षण है। इसके अलावा आपको पसीना, त्वचा लाल होने, कमजोरी या थकावट, मतली या उल्टी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर शुरुआती स्थिति में हीट स्ट्रोक पर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण



ब्लड प्रेशर बढ़ने या कम होने, भ्रम-दौरे या बेहोशी की दिक्कतें देखी जाती हैं। दीर्घकालिक रूप में हीट स्ट्रोक की स्थित किडनी फेलियर, ब्रेन से संबंधित समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती है।

### हीट स्ट्रोक-लू से बचे रहने के लिए क्या करें?

आप कुछ आसान से उपाय करके हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्याओं से बचे रह सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप हाइड्रेटेड रहें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे।इलेक्ट्रोलाइट्स वाले ड्रिंक्स जैसे ओआरएस या नारियल पानी का सेवन करें।



## एक फ्लोर चढ़ते ही फूलने लगती है सांस, कहीं शरीर में इन चीजों की कमी तो नहीं?

क्या आप सीढ़िया चढ़ते वक्त थक जाती हैं। एक फ्लोर चढ़ते चढ़ते ही सांसें तेज हो जाती है?हार्टबीट जोर जोर से चलता है, कुछ सेकेंड के लिए ऐसा भी लगता है, कि आप बेहोश होकर गिर जाएंगी, तो आप इसे थकान या मोटापा समझकर नजरअंदाज न करें। हो सकता है कि आपके शरीर को कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो रही हो। आइए जानते हैं कि आखिर सीढ़ियां चढ़ते वक्त ऐसा महसूस होने के पीछे क्या वजह हो सकती है। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौन ने जानकारी साझा की है।

### एक फ्लोर चढ़ते ही क्यों फूलने लगती है सांस?



एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आपके शरीर में लो हीमोग्लोबिन है, तो ऐसा हो सकता है। बता दें कि हीमोग्लोबिन एक ऐसा प्रोटीन होता है, जो शरीर में ऑक्सीजन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम करता है। जब शरीर में इसका स्तर कम हो जाता है, जो मांसपेशियों और शरीर के अंगों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है। और जरा सी मेहनत करने पर भी सांस फूलने लगती हैं बेहतर होगा कि आप हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, अनार और चुकंदर का सेवन करें। विटामिन सी युक्त चीजों का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह पर आयरन सप्लीमेंट्स लें। बीटरूट और आमला जूस से दिन की शुरुआत करें।

अगर आपके शरीर में विटामिन बी 12 की कमी होती है, तो न्यूरोलॉजिकल सिस्टम प्रभावित होता है। इससे आपकी सांस लेने की क्षमता पर भी असर पड़ता है। इसके कारण भी सांस फूलना, थकान, कमोजरी, हाथ पैरों में झुनझुनी होती है। इसके अलावा विटामिन डी की कमी भी हल्की मेहनत करने पर सांस फूलने की दिक्कत दे सकती है। सुबह की धूप लें।दूध और अंडा।मांसाहारी चीजें खाएं। डॉक्टर की सलाह पर विटामिन बी12 और विटामिन डी सप्लीमेंट्स लें। सांस फूलना एक अप्रिय अनुभूति है, जिसमें सांस लेने में असुविधा, तेजी या कठिनाई होती है। लोग कहते हैं कि उन्हें सांस फूलने, सांस फूलने या घबराहट महसूस होती है। चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है। आपकी छाती में जकड़न महसूस हो सकती है और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। हर किसी को सांस फूलने की समस्या हो सकती है अगर वे बस के लिए दौड़ते हैं या खुद को असामान्य सीमा तक थकाते हैं। लेकिन अगर आपको सांस फूलने की समस्या हो रही है तो डॉक्टर से सलाह लेना ज़रूरी है, क्योंकि यह किसी गंभीर अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकता है।

### सांस फूलना क्या है?

सांस फूलने को सांस फूलना और सांस लेने में कठिनाई भी कहा जाता है। सांस फूलने की समस्या से पीड़ित लोग इसे इस तरह से बता सकते हैं: साँस फूलने जैसा महसूस होना। ऐसा महसूस होना कि छाती बहुत कसी हुई है। ऐसा महसूस होना कि उन्हें पर्याप्त हवा नहीं मिल रही है भारी शारीरिक गतिविधि करते समय सांस फूलना सामान्य है, जैसे दौड़ना। हालाँकि, आराम करते समय या बहुत हल्की शारीरिक गतिविधि करते समय (जैसे घर के आसपास टहलना) सांस फूलना सामान्य नहीं है, और यह किसी मेडिकल समस्या का संकेत हो सकता है। सांस फूलने के लिए चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है। सांस फूलना अचानक (तीव्र) या धीरे-धीरे समय के साथ (क्रोनिक) हो सकता है।



# किचन क्या और क्यों नहीं रखना चाहिए, जान लें खास बातें

किचन हमारे घर का अहम हिस्सा है। हम किचन की हाइजीन का कैसे ध्यान रख रहे हैं, यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। हम कोशिश करते हैं कि किचन साफ-सुथरा रहे। अच्छे से मेंटेन रहे, ताकि देखने में भी अच्छा लगे और खाना भी किसी तरह से कंटैमिनेट न हो। मगर फिर भी कई ऐसे कारण हैं, जिससे हाइजीन पर असर पड़ता है।

चाहे आपकी किचन कितनी भी मॉडर्न क्यों न हो, अगर उसमें कुछ चीजें मौजूद हैं तो आपको तुरंत उन्हें बाहर करना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन-सी हैं वे चार चीजें जिन्हें किचन में रखना एक बड़ी भूल हो सकती है।

### बिल्कुल न रखें दवाइयां

आपने अक्सर देखा होगा कि लोग दवाइयों को किचन के एक कोने में स्टोर कर लेते हैं, ताकि टाइम पर याद रहे। लेकिन ये आदत नुकसानदायक हो सकती है। कुछ कफ सिरप तो फ्रिज में रख दिए जाते हैं। किचन में खाना बनाते समय उठने वाली गर्मी और भाप दवाओं की क्वालिटी को कम कर देती है। कई दवाइयों को ठंडी और सूखी जगह पर रखने की सलाह दी जाती है। कोशिश करें कि दवाइयों को एक अलग ड्रॉअर या मेडिसिन कैबिनेट में रखें, जो नमी और गर्मी से दूर हो।

### डैमेज या खराब हो चुके बर्तन

कितने ऐसे बर्तन हमारे किचन में होंगे, जो स्क्रैच्ड हैं या टूट चुके हैं फिर भी हम उन्हें स्टोर करके रख सकते हैं। मगर ये चीजें आपके लिए ही मुसीबत बन जाती है। ये बर्तन बेकार में आपका स्टोरेज भर देते हैं और फिर बाकी बर्तनों के लिए जगह नहीं होती।



वहीं, स्क्रैच्ड और जंग लगे हुए बर्तन अन्य बर्तनों में जंग लगा सकते हैं। लोहे के तवे में लगा जंग हो तो वह जंग आसपास के बर्तनों में लगकर उन्हें खराब कर सकता है। स्क्रैच्ड बर्तन नए पैन और नॉन-स्टिक पैन को डैमेज कर सकते हैं। किसी भी खराब, क्रैक्ड या स्क्रैच्ड बर्तन को तुरंत निकालकर फेंकें।

### क्लीनिंग एसेंशियल्स


कई लोग किचन के सिंक के नीचे या साथ में क्लीनिंग प्रोडक्ट्स जैसे फिनाइल, ब्लीच या टॉयलेट क्लीनर रख लेते हैं। इन रसायनों के रिसाव या गंध से खाने की चीजें संक्रमित हो सकती हैं। अगर गलती से ये गिर जाएं, तो किचन में इनक गंध फैल जाएगी, जिससे आपका किचन में खड़े रहकर खाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

इन्हें बाथरूम या किसी सेपरेट स्टोरेज एरिया में रखें, ताकि आपकी किचन सुरक्षित और साफ बना रहे। किचन की साफ करने वाले डस्टर्स और क्लीनर्स को भी एक अलग स्टोरेज का हिस्सा बनाएं।

## पतली हस्तरेखाएं आपके बारे में खोलती हैं रहस्य

हाथ की रेखाएं व्यक्ति के भविष्य के साथ-साथ उसके व्यक्तित्व के बारे में भी बताती हैं। इसी कड़ी में आज हम ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानेंगे कि जिन लोगों की हथेली की रेखाएं बहुत पतली होती हैं, उनका भविष्य कैसा हो सकता है।

### पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर



पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहता है। जिन लोगों के हाथ की रेखाएं पतली होती हैं उन्हें सेटल होने में टाइम लगता है। उनका करियर फिर चाहे वो बिज़नेस के माध्यम से हो या नौकरी के माध्यम से, ढेर से बनता है। पतली हस्तरेखा वाले लोगों को अपने करियर के दौरान कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार ऐसी परिस्थिति भी आ जाती है कि सारे रास्ते बंद हो जाते हैं और कुछ समझ नहीं आता कि क्या करना है लेकिन इसके बाद भी पतली हस्तरेखा वाले लोग मेहनत के बलबूते देर से ही सही पर सफलता पा लेते हैं।

जिन लोगों की हाथ की रेखाएं बहुत पतली होती है उनकी लाइफ संघर्ष से भरी होती है, विशेष रूप से अगर वो संघर्ष लव लाइफ से जुड़ा हुआ हो तो। प्रेम संबंध को या फिर वैवाहिक जीवन को सुगम बनाने के लिए पतली रेखा वाले लोग अपना मान-सम्मान, आत्मसम्मान तक की चिंता नहीं करते हैं लेकिन इसके बाद भी इनके प्रति इनका पार्टनर कठोर बना रहता है। हां, मगर ये अपनी कोशिशों से अपने पार्टनर का दिल जीत ही लेते हैं और अपनी मैरिज या लव लाइफ को सक्सेस की तरफ ले जाते हैं। इसके अलावा, परिवार में इन्हें मतलब के लिए याद किया जाता है।

## हमेशा जवां दिखने के लिए अपनाएं फेशियल योग



अपने चेहरे को टोनअप करने के लिए आपको भी रोज ये 4 फेशियल योगा करने चाहिए। इससे आप ज्यादा उम्र में भी बहुत कम उम्र की नजर आएंगी। फेशियल योगा के बारे में हमने बहुत कुछ सुना हुआ है, मगर क्या आपको पता है कि रोजाना फेशियल योगा करने से आप 45 प्लीस होने के बाद भी अपनी उम्र से 10 साल कम नजर आ सकती हैं। जी हां, अगर आप सही विधि से रोज फेशियल योगा करती हैं, तो चेहरे पर पड़ने वाली झाइयां और झुर्रियां दोनों ही कम नजर आती हैं। आपकी उम्र का अंदाजा भी कोई नहीं लगा सकता है।

दिल्ली निवासी पूजा के साथ भी ऐसा ही होता है। पूजा अगले साल उम्र के 50वें पड़ाव पर पहुंच जाएंगी। अपनी उम्र के अर्धशतक को पूरा करने की जितनी खुशी पूजा को है उससे कहीं ज्यादा लोगों को इस बात की हैरानी है कि पूजा दिखने में 35 से ज्यादा की नहीं लगती है। ऐसे में पूजा से सभी जानना चाहते हैं कि आखिर वो कैसे इतनी यंग नजर आती है। फिटनेस फ्रीक पूजा सिन्हा हमें बताती हैं, ₹हर महिला को रोजाना अपने लिए 1 घंटा जरूर निकालना चाहिए और एक्सरसाइज करनी चाहिए। फेशियल योगा के लिए 15 मिनट रोज निकालने चाहिए। हम पूरे दिन हाथ और पैर का उपयोग करते हैं। इसलिए वो एक्टिव रहते हैं। मगर चेहरे की मसल्स इतनी एक्टिव नहीं होती है। इसलिए चेहरे पर फैट जमा हो जाता है। इससे चेहरे की त्वचा भी ढीली होकर लटकने लगती है। उम्र से पहले ही आप बूढ़े नजर आने लगते हैं। ऐसे में फेशियल योगा आपके लिए बहुत ज्यादा मददगार होता है। ₹ इतना ही नहीं, पूजा जी हमें यह भी बताती हैं कि वो कौन से फेशियल योगा हैं, जो आपको रोज करने चाहिए, जिससे आपका चेहरा ज्यादा उम्र तक जवां नजर आता है।

### फेशियल योगा क्यों जरूरी है?

फेशियल योगा करने से चेहरे की त्वचा में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। इससे त्वचा में ग्लो रहता है, मसल्स भी एक्टिव रहती हैं और फैट नहीं जमा होता है। चेहरे का शेप अच्छा रहता है और त्वचा जल्दी ढीली नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं, फेस की मसल्स एक्टिव रहती हैं, तो एजिंग स्पॉट्स, रिंकल्स और पिगमेंटेशन की परेशानी भी नहीं होती है।

## कार्नर न्यूज

## जानें कौन-सी चीजें लेना सही होगा आपके लिए

# ऑनलाइन सेल में आप कौन सा गैजेट्स ले रहें हैं यह पहले अच्छी तरह जान लें, नहीं तो सौदा पड़ जाएगा भारी

ऑनलाइन सेल बेशक खरीदारी के लिए बेहतरीन मौका होता है, लेकिन लालच में आकर ऐसी चीजें खरीदने की गलती तो बिल्कुल नहीं करनी चाहिए, जो बाद में पछतावे का कारण बन जाए। इनमें कुछ गैजेट्स शामिल हैं, जिन्हें सेल के दौरान तो बिल्कुल भी नहीं खरीदनी चाहिए। आइए इस आर्टिकल में उन सामानों के बारे में जान लेते हैं।

ऑनलाइन शॉपिंग सेल का क्रेज आजकल हर किसी पर छाया हुआ है। इन आकर्षक डील्स और भारी छूट के चलते कई बार महिलाएं ऐसी चीजें भी खरीद लेती हैं, जिनकी शायद उतनी जरूरत नहीं होती है। कई बार सेल में फायदे की बजाय नुकसान का सौदा भी हो जाता है। खासकर जब बात गैजेट्स की हो, तो ऑनलाइन सेल की चकाचौंध में कई बार खरीदारी में गलती हो जाती है, जो बाद में महंगी पड़ सकती है। इस लेख में, हम उन गैजेट्स के बारे में बात करेंगे, जिन्हें ऑनलाइन सेल में खरीदने से पहले आपको सोचने की जरूरत है, बिना सोचे-समझे बस डिस्काउंट देखकर खरीदने से आपको फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। आइए जानते हैं कि ऑनलाइन सेल में आपको कौन सी वो चीजें नहीं खरीदनी चाहिए।



### ऑनलाइन सेल में किस तरह के गैजेट्स नहीं खरीदने चाहिए?

**बहुत सस्ते या फेक स्मार्टवॉच और फिटनेस बैंड्स:** ऑनलाइन सेल में अक्सर आपको बहुत कम कीमत पर स्मार्टवॉच और फिटनेस बैंड्स के ढेर सारे विकल्प मिल जाते हैं। इनमें से कई ऐसे होते हैं जो किसी अज्ञात ब्रांड के होते हैं या फिर चाइनीज रीब्रांडेड प्रोडक्ट होते हैं। ये दिखने में तो महंगे स्मार्टवॉच जैसे लगते हैं, लेकिन इनकी क्वालिटी, बैटरी लाइफ और परफॉर्मेंस बेहद खराब होती है। इनमें सही सेंसर नहीं होते, जिससे आपकी स्वास्थ्य संबंधी रीडिंग गलत आ सकती हैं। इसके अलावा, कई बार ये आपके स्मार्टफोन से ठीक से कनेक्ट नहीं हो पाते या कनेक्टिविटी इश्यूज आते रहते हैं। कुछ समय बाद ये खराब हो जाते हैं और इन्हें रिपेयर कराना भी मुश्किल होता है। हमेशा किसी भरोसेमंद ब्रांड के स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड ही खरीदें। रिव्यूज को ध्यान से पढ़ें और सुनिश्चित करें कि वह असली प्रोडक्ट है।

**अनब्रांडेड या बहुत सस्ते पावर बैंक:** आजकल स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ पावर बैंक एक जरूरी गैजेट बन गया है। ऑनलाइन सेल में आपको 500-700 रुपये में भी 20,000mAh के पावर बैंक मिल जाते हैं। ऐसे सस्ते और अनब्रांडेड पावर बैंक में अक्सर कम गुणवत्ता वाली बैटरी सेल्स का इस्तेमाल किया जाता है। इनकी कैपेसिटी उतनी नहीं होती जितनी बताई जाती है, और ये बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि ये पावर बैंक ओवरचार्जिंग, शॉर्ट-सर्किट या हीटिंग के कारण आग लगने या फटने का जोखिम पैदा कर सकते हैं, जिससे आपके फोन को भी नुकसान हो सकता है। हमेशा ब्रांड वाले पावर बैंक ही चुनें। साथ ही, हमेशा BIS प्रमाणित पावर बैंक खरीदें।




**वायरलेस ईयरबड्स या हेडफोन:** वायरलेस ईयरबड्स का चलन तेजी से बढ़ा है, और ऑनलाइन सेल में इन पर भारी छूट देखने को मिलती है। कई बार आपको 500-1000 रुपये में भी वायरलेस ईयरबड्स मिल जाते हैं। सस्ते ईयरबड्स में अक्सर घटिया क्वालिटी के ड्राइवर होते हैं, जिससे साउंड क्वालिटी बहुत खराब होती है। इसके अलावा, इनकी बैटरी लाइफ बहुत कम होती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सीन 'डिडी' कॉम्ब्स के मुकदमे में गवाही दे सकते हैं रैपर किड क्यूडी



हाल ही में ये जानकारी सामने आई है कि रैपर किड क्यूडी, जिनका असली नाम स्कॉट मस्कुडी है। वह जूरी को जल्द ही कॉम्ब्स की पूर्व प्रेमिका सिंगर कैसी के साथ 14 साल पहले अपने संक्षिप्त संबंध के बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं पूरा मामला। कॉम्बस पर यौन उत्पीड़न मामले की यह सुनवाई कोर्ट में कई दिनों से चल रही है। बीते मंगलवार को न्यायालय सत्र के अंत में कॉम्ब्स के बचाव पक्ष के एक वकील ने कहा कि एजेंट द्वारा पिछले साल फ्लोरिडा में कॉम्ब्स के घर पर छापेमारी के दौरान जांचकर्ताओं द्वारा जो कुछ पाया गया था, उसके बारे में गवाही देने के बाद अब रैपर किड क्यूडी तीसरे गवाह होंगे। अब उम्मीद जताई जा रही है कि क्यूडी बुधवार या गुरुवार को जूरी के सामने अपना पक्ष रखेंगे। साथ ही आपको बताते चलें कि इससे पहले कॉम्ब्स के वकील ने बताया कि साक्ष्य के अनुसार यह घरेलू हिंसा को दर्शाती है, ना कि किसी आपराधिक रैकेट या यौन तस्करी को। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि कॉम्ब्स ने भी इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि वो निर्दोष हैं। इस मामले पर गायिका कैसी वेंचुरा ने बताया कि वो जब कॉम्ब्स के साथ रिश्ते में थी। तो कॉम्ब्स ने साल 2011 में उन्हें पीठ पर लात मारी थी, जब कॉम्ब्स को पता चला कि वह मेस्कुडी के साथ उन्हें धोखा दे रही थी। वेंचुरा की मां ने आरोप लगाया कि कॉम्ब्स ने कैसी को एक ईमेल भेजा था, जिसमें उन्होंने मेस्कुडी की कार को उड़ाने और उनके यौन वीडियो जारी करने की धमकी दी थी। इसके अलावा क्यूडी को चोट पहुंचाने की भी चेतावनी दी थी। आगे रेजिना वेंचुरा ने बताया कि कॉम्ब्स ने उनसे 20,000 अमेरिकी डॉलर की मांग की।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल के 65वें बर्थडे पर बेस्ट फ्रेंड ममूटी ने बरसाया प्यार, सीएम ने भी दी बधाई



साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल ने बुधवार 21 मई को अपना 65वां जन्मदिन मनाया और इस खास मौके पर उन्हें देशभर से शुभकामनाएं मिलीं। 45 साल से ज्यादा के करियर में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके मोहनलाल को उनके फैंस ही नहीं बल्कि फिल्मी और राजनीति जगत की हस्तियों ने भी बर्थडे विश किया। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने एक्स पर मोहनलाल को जन्मदिन की बधाई दी और उनके साथ एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की। सीएम विजयन ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर'। दोनों की यह तस्वीर दर्शाती है कि मोहनलाल सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसे शख्स हैं जिनकी लोकप्रियता राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में है। मोहनलाल के करीबी और मलयालम सिनेमा के स्तंभ में से एक माने जाने वाले ममूटी ने भी एक भावुक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर लाल'और साथ में दोनों की एक पुरानी मुस्कुराती तस्वीर शेयर की। अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी एक थ्रोबैक फोटो के साथ उन्हें शानदार साल की शुभकामनाएं दीं।

निविन पॉली ने इंस्टाग्राम पर मोहनलाल के साथ एक प्यारी सी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हैप्पी बर्थडे लालेट्टा', वहीं निर्देशक थरुण मूर्ति ने मोहनलाल के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। मोहनलाल की लोकप्रियता सिर्फ साउथ तक ही सीमित नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी मोहनलाल को बधाई दी और उन्हें 'सबसे प्रेरणादायक इंसान' बताया। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर लाल सर। हमेशा प्यार और सम्मान।'मोहनलाल की हालिया फिल्म 'थुदारुम' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है।

### भोजपुरी

## अचनाक से फूट-फूटकर रोने लगीं रानी, बताई वजह तो लोग बोले- इसकी कल्पना भी नहीं की थी



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचने से जरा भी पीछे नहीं रहती हैं। वह अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह के अपडेट्स लोगों को देती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म का एक ऐसा सीन इंटरनेट पर शेयर किया था, जिसमें वह फूट-फूटकर रो रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह इसे फिल्मा रही थीं, तो वह वाकई इमोशनल हो गई थीं।

रानी चटर्जी का असली नाम सबीहा शेख है। इनका जन्म 3 नंवबर 1979 को मुस्लिम परिवार में हुआ था। एक फिल्म के सीन की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। और उसके बाद सफलता उनके कदम चूमने लगी। उन्होंने कई गाने किए हैं और अपनी लट्टू जैसी कमर से आग लगा दी है। वहीं, उन्होंने कई फिल्मों में भी अपने अभिनय से जान फूंकी है।

रानी चटर्जी रील में रोती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने साड़ी पहनी है और बाल बिखरे हुए हैं और वह सामने खड़ी महिला को गले लगकर आंसू बहा रही हैं। इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, 'इस सॉन्ग करते हुए मैं सेट पर सच में इमोशन हुई थी क्योंकि इस फिल्म का अंत ही ऐसा लिखा गया था आप सभी ईमेल टैगिंग और मैसेज से मैं फिर भावुक हो गई माइके के टिकट कटा दे पिया कि पूरी टीम को शुक्रिया।' अब रानी चटर्जी के इस पोस्ट पर लोगों ने रिएक्ट किया है।




परिधान शौकीनों का

वसंत/गर्मियों के इस मौसम में एम्सटर्डम में व्यावहारिक परिधान को अधिक औपचारिक रूप में प्रदर्शित किया गया। वहीं टॉमी हिलफिगर ने न्यूयॉर्क में मोनोग्राम्ड नेवी वर्जन के साथ इस महीने की शुरुआत की। इधर लंदन में तकनीकी परिधान का एक सेक्विन्ड वर्जन प्रदर्शित किया, जबकि द एटिको ने मिलान में एक पीले रंग का विंडब्रेकर पेश किया और सेसिली बहसेन ने पेरिस में पारदर्शी संस्करण प्रदर्शित किए।

## हाथों में खूब जचेंगी मेहंदी की खास डिजाइंस



दुल्हन का श्रृंगार तब तक अधूरा है, जब तक उसके हाथों में पिया के नाम की मेहंदी न रची हो। ऐसे में शादी की डेट फाइनल होते ही होने वाली दुल्हन अपने हाथों में मेहंदी सजाने के लिए नए-नए डिजाइंस तलाशने लग जाती हैं। बदलते हुए ट्रेंड के साथ दुल्हन की मेहंदी की डिजाइंस में भी कई बदलाव देखें गए हैं, मगर आज भी कुछ ट्रेडिशनल डिजाइंस के बिना मेहंदी अधूरी सी लगती हैं। कैरी डिजाइंस को भी हम मेहंदी की सबसे बेसिक डिजाइन मान सकते हैं। खासतौर पर कैरी के बिना दुल्हन की मेहंदी की पूरी नहीं हो सकती है। महीन और बारीक मेहंदी डिजाइन यदि आपको पसंद है, तो ऊपर दी गई तस्वीर को एक बार जरूर देख लें। इसमें केरी और मोर डिजाइन का मिश्रण नजर आ रहा है। खासतौर पर जिन्हें हाथों में भरी-भरी मेहंदी लगाने का शौक होता है, वे कैरी डिजाइंस से हाथों को भर सकते हैं। कैरी डिजाइंस आप हथेलियों, उंगलियों और हाथों की बैक में भी अन्य डिजाइंस के साथ जोड़ते हुए लगवा सकती हैं। कैरी डिजाइन को आप किसी भी अन्य डिजाइंस के साथ जोड़ सकती हैं। यहां तक की मॉडर्न डिजाइंस वाली मेहंदी के साथ भी आप केरी शामिल करके अपनी मेहंदी को कंप्लीट कर सकती हैं। यह आपको तय करना है कि आपको मेहंदी में छोटी कैरियां पसंद हैं या फिर बड़ी कैरियां। आप अगर बड़ी कैरियां बना रही हैं, तो उसके अंदर भी आप डिजाइंस बना सकती हैं। कैरियों के साथ आप हाफ चांद डिजाइंस बना सकती हैं, इतना ही नहीं इस तरह की मेहंदी के साथ गुलाब के फूल और बेल डिजाइंस आदि भी बना सकती हैं। अगर आप हैवी ब्राइडल मेहंदी लगा रही हैं, तो आप उसमें भी कैरी के साथ फूल आदि बना सकती हैं। आपको बता दें कि केरी आप जितने बड़े आकार में बनाएंगी उतनी जल्दी आपका हाथ भरेगा। आप केरी के अंदर भी तरह-तरह की डिजाइंस बना सकती हैं। कैरी भी कई तरह के आकार में बनाई जा सकती हैं। आप ड्रॉप्स, मोर या अधिक घुमावदार कैरियां भी बना सकती हैं। आप केरी की बेल से उंगलियों को भर सकती हैं।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, लोग करेंगे तारीफ



हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।



कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

**पैटर्नः** हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है।

फिटिंग को ना करें इग्नोर

## डेड स्किन को हटाने में मदद करेगा घरेलू स्क्रब



अक्सर तेज धूप और बाहर मौजूद प्रदूषण के कारण चेहरे की त्वचा पर टैनिंग होने लगती है, जिसके कारण त्वचा पर डेड स्किन की लेयर बन जाती है और त्वचा बेजान नजर अआने लगती है। इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है। चेहरे पर मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने के लिए बेसन काम मरी आता है। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। साथ ही इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

डेड स्किन को हटाने के लिए आप कुछ घरेलू स्क्रब आजमा सकते हैं, जैसे कॉफी और शहद का स्क्रब, या ओट्स और शहद का स्क्रब। इन स्क्रबों में प्राकृतिक सामग्री होती है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करके डेड स्किन को हटाने में मदद करती है।

कॉफी और शहद का स्क्रब बनाने 1 चम्मच कॉफी पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें।

ओट्स और शहद का स्क्रब बनाने 2 चम्मच ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें। 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें। आप नारियल के तेल और कॉफी का भी स्क्रब बना सकते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मदद करता है। चंदन पाउडर और गुलाब जल का स्क्रब त्वचा को शांत और हल्का करने में मदद करता है। दही और शहद का स्क्रब त्वचा को नमी प्रदान करता है और एक्सफोलिएट करता है।

पुदीना और तुलसी का स्क्रब त्वचा को रिफ्रेश करने और डलनेस को दूर करने में सहायक है।

## कभी काम नहीं करती हैं ये हेयर केयर रेमेडीज, कहीं आप भी तो नहीं करने जा रहीं इन्हें ट्राई?

हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

### मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफ

डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है।

क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है।



नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है।

कार्नर न्यूज

### दुल्हन की मां पर अच्छी लगेंगी लेटेस्ट ट्रेंड वाली ज्वेलरी

## शादी में दुल्हन ही नहीं मां के लिए भी होनी चाहिए खास ज्वेलरी, ट्रेंड में है कुछ बेहतरीन डिजाइंस

गर्मियों के इस दौर में सीजन शादी का है। बेटी की शादी मां के लिए खास होती है। इसलिए वो भी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करती है। इसी वजह से वो अपनी बेटी और अपने लिए हर चीज खास होती है।

बेटी की शादी करना माता-पिता का सपना होता है। जब बेटी बड़ी होने लगती है, तो उन्हें भी लगता है कि अब बेटी की शादी करवानी चाहिए। इसलिए वो अपनी बेटी के लिए अच्छे से अच्छा वर ढूंढते हैं और बेटी की शादी करवाते हैं। लेकिन सपना तब पूरा होता है, जब उनकी बेटी दुल्हन बने उनके सामने आती है। लेकिन बेटी भी हमेशा अपनी मां को अच्छा देखना चाहती है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए शादी वाले दिन पहनने वाली ज्वेलरी के इन डिजाइन को खरीद सकती हैं। यह साड़ी और लहंगा हर आउटफिट के साथ अच्छी लगेगी।



### साड़ी के साथ पहनें गोल्डन टेंपल ज्वेलरी

कई सारी मां ऐसी होती हैं, जो साड़ी पहनना काफी पसंद करती हैं। यही वजह है कि वो अपनी बेटी की शादी में भी अलग और अच्छी डिजाइन की साड़ी खरीदकर उसे स्टाइल करती हैं। लेकिन इस हैवी साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी भी जरूरी है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए गोल्डन कलर की टेंपल ज्वेलरी को खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी हर साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इसमें आप लॉन्ग नेकलेस सेट भी खरीद सकती हैं। साथ ही, चाहें तो चोकर सेट ले सकती हैं।

### लहंगे के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आप लहंगा पहन रही हैं, तो इसके साथ आप स्टोन पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आपके लुक को ज्यादा हैवी टच नहीं देगी। इसमें आप चोकर सेट की जगह लॉन्ग नेकलेस सेट को वियर करें, जो पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक भी सबसे अलग लगेगा।

### स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट करें वियर

बेटी की शादी में सुंदर दिखने के लिए आप स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट को साड़ी और लहंगा दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे सेट में स्टोन वर्क मिलेगा। वहीं नीचे की तरफ की लटकन में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। इयररिंग्स भी थोड़े लंबे मिलेंगे। इससे आपका पूरा सेट और लुक दोनों अच्छे लगेंगे। अगर आप मांग टीका लगाना चाहती हैं, तो उसे भी आप आउटफिट के साथ लगा सकती हैं।

